भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 303 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 28 अक्टूबर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

विधानसभा उपचुनावः 44 प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे, 77 करोड़पति

नई दिल्ली (एजेंसी)। अलग-अलग राज्यों में होने जा रहे विधानसभा और लोकसभा उपचुनावों के 235 प्रत्याशियों में से 44 के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज है। चुनावी प्रक्रिया पर नजर रखने वाले और सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ऐ) की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। एडीआर ने 14 राज्यों में 3 लोकसभा और 30 विधानसभा सीटों पर आगामी उपचुनाव के 265 उम्मीदवारों में से 261 के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया गया है। इन सभी सीटों पर 30 अक्टूबर को वोटिंग होगी। विधानसभा उपचुनाव के लिए 235 उम्मीदवारों के हलफनामे के विश्लेषण में पाया गया कि 44 उम्मीदवार (19 फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मुकदमे बताए है।एडीआर रिपोर्ट में कहा गया है, "इनमें से 36 (15 फीसदी) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मुकदमों की जानकारी दी है।" यह भी बताया गया है कि कुल 77 यानी 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति है और विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे।

शिक्षक नेता की हत्या में दो को फांसी, पांच को आजीवन कारावास

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट के पंकज कुमार श्रीवास्तव ने अभियुक्तगणों में से राजेश सिंह सुत राधेश्याम सिंह निवासी सेतापुर थाना अंतू व नौशाद उर्फ डीएम सुत शमशेर निवासी सराय कस्बा थाना लालगंज को हत्या के अपराध में

मेरे पति से राजेश ने कहा कि आज तुम्हे जिंदा नहीं छोड़ेंगे और गर्दन पर सटाकर गोली मार दी।

शासकीय अधिवक्ता योगेश शर्मा व सहायक शासकीय अधिवक्ता अनिल मिश्रा तथा वादिनी के अधिवक्ता अश्विनी कुमार पाण्डेय के तर्कों को सुनने के पश्चात फांसी की सजा तथा प्रत्येक को दो लाख के जुर्माने से दण्डित किया। शेष अपराधों में उपरोक्त अभियुक्तों को सात वर्ष का कारावास तथा दोनों अभियुक्तों को पांच लाख 50 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया।

शेष अभियुक्तगण प्रदीप सिंह सुत सूर्य नारायण सिंह निवासी अजीत नगर, अशोक मिश्रा सुत बाल कृष्ण निवासी पड़ाव नगर, अरुण कुमार सिंह सुत अमर जीत सिंह व प्रमोद तिवारी उर्फ लोटा तिवारी सुत राम लवट निवासीगण बरिया समुद्र थाना अंतू तथा अनुज कुमार दुबे सुत राम विशाल निवासी सांगीपुर, थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को अन्य अपराधों सहित दो लाख 70 हजार रुपये के अर्थदण्ड से प्रत्येक को दण्डित करने का आदेश पारित किया। कुल अर्थदण्ड की धनराशि 19 लाख 30 हजार रुपये मृतक शोभनाथ मिश्रा के उत्तराधिकारी को प्रदान की जाए। बता दें कि वादिनी विद्या मिश्रा ने 14 जुलाई 2012 को रात नौ बजे की घटना के सम्बन्ध में तहरीर दी कि मृतक शोभनाथ मिश्रा शिक्षक संघ के अध्यक्ष थे।

14 जुलाई 2012 की रात को प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष की शहर में गोली मारकर हुई थी हत्या

अभियुक्त राजेश सिंह मेरी पुत्री पूजा से जबरन शादी करना चाहता था जिसका विरोध मेरे पति तथा मेरी लड़की करती थी। इसी के कारण मेरे पति की कई बार घेराबंदी हुई थी परन्तु लड़की का मामला होने के कारण कहीं कोई शिकायत नहीं की गई थी। घटना के दिन मेरे पति, मैं तथा मेरी लड़की बरामदे में बैठकर बातें कर रहे थे तभी राजेश सिंह व प्रदीप सिंह, अशोक कुमार तमंचा लेकर घुस आए।

मेरे पति से राजेश ने कहा कि आज तुम्हे जिंदा नहीं छोड़ेंगे और गर्दन पर सटाकर गोली मार दी। अन्य लोगों ने तमंचे से फायर किया जिसकी चोट मेरे पति को लगी तथा बाहर से आ रहे हकीम अंसारी को लगी। शेष अन्य अभियुक्तगण जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। मेरे पति की हालत नाजुक थी। उनको कृष्ण कुमार तिवारी के साथ अस्पताल भेजवाया, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई।

यूपी में पाक की जीत का जश्न मनाने वालों पर चलेगा देशद्रोह का केस : सीएम योगी

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने टी-20 विश्वकप के दौरान भारत पर पाकिस्तान की जीत का जश्न मनाने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए है। पुलिस ने प्रदेश के तीन जिलों में ऐसे सात व्यक्तियों के खिलाफ पहले ही अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब इन पर देशद्रोह की धारा भी लगाई जाएगी। साथ ही सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए है कि कहीं भी कोई ऐसी वारदात हो जिसमें देश के खिलाफ कार्य किया जा रहा हो तो उसमें भी त्वरित कार्रवाई कर राष्ट्रद्रोह की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करें।24 अक्तूबर को टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत-पाकिस्तान के मैच का नतीजा आने के बाद कुछ शहरों में पाकिस्तान के समर्थन में भारत विरोधी नारेबाजी हुई। कई जगहों पर लोगों ने पटाखे फोड़कर लोगों की भावनाओं का आहत किया। इस मामले प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट तलब की। इस पर डीजीपी मुकुल गोयल ने सभी जिलों को कड़ी कार्रवाई करने को कहा। भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में भारत के हारने पर पाकिस्तान का समर्थन करते हुए देश विरोधी नारेबाजी करने वाले तीन युवकों के खिलाफ आगरा के जगदीशपुरा थाने में आईपीसी की धारा 505(1)बी व 153ए के अलावा आईटी एक्ट की धारा 66 (एफ) के तहत नामजद एफआईआर दर्ज की थी। बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल के व्हाट्सअप पर पाकिस्तान का समर्थन करते हुए स्टेटस लगाया था। इस पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 504 व 506 के अलावा आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बरेली के इज्जतनगर थाने में ही एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

नगर पालिका परिषद भरवारी

भव्य दीपावली मेला

दिनांक 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक

स्थानः नवीन मण्डी स्थल, योग केन्द्र राम वाटिका के बगल में
नगर पालिका परिषद, भरवारी, कौशाम्बी

विशेष आकर्षणः
प्रतिदिन सायंकाल भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम,
लेज़र शो, मैजिक शो, भव्य आकर्षक झूले,
शिल्प, खान-पान, स्थानीय उत्पाद सहित
100 आकर्षक दुकाने, सभी सरकारी योजनाओं के
विभागीय स्टाल लगाये जायेंगे।

संजय कुमार गुप्ता
विधायक-253 चायल, कौशाम्बी
ब्राण्ड अम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन

आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

राजेश श्रीवास्तव
उप जिलाधिकारी एवं प्रशासक

गिरीश चन्द्र
अधिशाषी अधिकारी, भरवारी

सुजीत कुमार
जिलाधिकारी, कौशाम्बी

खबर संक्षेप

जिला पंचायत अध्यक्ष का आगमन 29 को

कोरांव। कोराव ब्लॉक के ग्राम पंचायत अल्हवा में 29 अक्टूबर को अध्यक्ष जिला पंचायत डाक्टर वी के सिंह ग्राम पंचायत के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह जानकारी जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चौबे उर्फ पिंटू चौबे तथा ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे ने दी। ग्राम अल्हवा में 29 अक्टूबर को समय 11 बजे दिन ग्राम सचिवालय भवन का उद्घाटन तथा मनरेगा पार्क का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में समस्त ग्राम प्रधान,सदस्य छेत्र पंचायत,जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। प्रधान अल्हवा शहजादे ने लोगों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित करते हुए समय से पहुंचने की अपील की है।

कार्यक्रम में विधायक कोरांव राजमणि कोल, ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार एसडीएम अभिनव कनौजिया, रमा शंकर सिंह खंड विकास अधिकारी कोराव तथा इलाके के सभी जिला पंचायत सदस्य,प्रधान आदि को आमंत्रित किया गया हैं। कार्यक्रम सुप्रसिद्ध हास्य कवि बिहारी लाल अंबर, आमिर शहजादे एवम बिरहा कला कार समारोह को अंजाम देंगें।

ट्रैक्टर ट्राली के पहिए से दबकर विवाहिता की मौत

अखंड भारत संदेश

लेडियारी। खीरी थाना क्षेत्र के कोहारड घाट इटवा मुख्य मार्ग के सुजनी संपर्क मार्ग में घोरी ग्राम सभा में एक विवाहिता की ट्रैक्टर के पिछले चक्का से दब जाने पर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया ।मौके पर खीरी पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी ।वहीं मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राधेश्याम बिंद निवासी झरौली थाना सराय इनायत तहसील फूलपुर से अपने ससुराल थाना खीरी क्षेत्र के नीबी लेडियारी में अपने ससुर गुलजारीलाल बिंद के यहां आया था । बुधवार को अपने मोटर साइकिल से घर वापस जाते समय थाना खीरी अंतर्गत सुजनी मुख्य मार्ग पर घोरी ग्राम सभा में समान दिशा में जा रहे ट्रैक्टर से पास लेते समय अचानक विवाहिता संगीता देवी उम्र 22 वर्ष गिर गई और ट्रैक्टर के पिछले चक्का के नीचे दब गई । साथ में हेलमेट भी दब कर टूट गया ।जिससे विवाहिता की तत्काल मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना अपराह्न शाम लगभग 4.30 बजे की है ।मौके पर भीड़ जुटकर घायल राधेश्याम व उसके बच्चे अंकित 2 वर्ष को इलाज हेतु सरकारी एंबुलेंस से अस्पताल ले गए ।घटना से छेत्र में मातम जैसा माहौल बना है।

घटना के बाद रोते बिलखते परिजन

टैक्टर ओवरलोड गिट्टी से भरी थी

खीरी। मौजूद भीड़ ने ट्रैक्टर पर ओवरलोड गिट्टी देखकर अवैध खनन के बाबत तरह-तरह की बातें कर रहे थे। चर्चा थी कि ओवरलोड गिट्टी न लदी हुई होती तो इस तरह का हादसा नहीं होता। वही मामले में खीरी थाना अध्यक्ष राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि ट्रैक्टर चालक फरार हो गया है गिट्टी से लदी हुई ट्रैक्टर गिरफ्त में ले लिया गया है।

थरवई थाना के मेडुवा गांव निवासी युवक की डेंगू से हुई मौत

सहसों। थरवई थाना के मेडुवा गांव निवासी रोहित सिंह (32) पुत्र शिरोमणि सिंह साधू की बुधवार को भोर में डेंगू से मौत हो गई। घटना से परिवार में रोना पीटना मचा हुआ है। रोहित सिंह को दो दिन पहले बुखार आया था। मंगलवार को रहिमापुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज करने के लिए गए। जहां हालत खराब होने पर उनको एसआरएन के लिए भेज दिया गया। रास्ते में उनकी मौत हो गई। विहिप व बजरंग दल में रहने के बाद मौजूदा समय में भाजपा से जुड़कर काम कर रहे थे। उनके दो बेटी एक बेटा है। पत्नी रुचि समेत सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। डेंगू के संबंध में सीएचसी प्रभारी, बनी अमृत लाल यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि संबंधित घटना की जानकारी उनको नहीं है। परिजनों के द्वारा कराई गई पैथोलॉजी की जांच से अधिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकृत एलाइजा जांच पर विश्वास किया जाता है। फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल, ग्राम प्रधान अमित यादव समेत भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया है।

राकेश श्रीवास्तव बने शर्मा गुट के अध्यक्ष

जसरा। श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में शिक्षक संघ शर्मा गुट के इकाई का गठन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि मंडलीय मंत्री अनुज पांडेय रहे। मंडलीय मंत्री ने शिक्षकों की आम राय जानने के बाद सर्व सम्मति से राकेश कुमार श्रीवास्तव को अध्यक्ष, विकास केसरी को मंत्री तथा रामलखन प्रजापति को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय के कुलभूषण मिश्र, सुनील साहू, कमलेश कुमार अवस्थी, देवेन्द्र नाथ शुक्ल, कुसुम शुक्ला, नागेंद्र लाल, चन्द्रशेखर, रंगलाल यादव, राकेश सिंह सहित सभी शिक्षकों ने चयनित किये गए पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाइयां दी।

छात्र को जमकर पीटा, घायल

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के मलहरा ओवरब्रिज के समीप बाइक सवार युवकों ने एक छात्र की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक सीओडी गेट के समीप गोविंदपुर कॉलोनी का रहने वाला अमित कुमार पुत्र पवन कुमार बीसीए का छात्र है। बुधवार शाम को वह मलहरा ओवरब्रिज के समीप से गुजर रहा था। तभी बाइक सवार युवकों ने पुरानी बातों को लेकर कहासुनी कर लिए, बात आगे बढ़ी तो इसकी जमकर पिटाई कर दिए। जिससे वह घायल हो गया।

न्यूज झरोखा

सपा जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में हुई फूलपुर समाजवादी नगर कमेटी की घोषणा

फूलपुर। समाजवादी पार्टी का विस्तार करने के उद्देश्य से बुधवार को फूलपुर समाजवादी नगर कमेटी की घोषणा हुई। सपा जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने फूलपुर स्थिति एक अतिथि गृह में उपस्थित सपाइयों की मौजूदगी में नगर कमेटी की घोषणा की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधान सभा का चुनाव निकट है। सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, बूथ स्तर पर संघटन को मजबूत करने का कार्य करें। साथ ही दायित्व के तौर पर दिए गए बूथ को जिताने का संकल्प लें। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष शकील इस्माइल व कुशल संचालन लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव आशुतोष तिवारी ने किया। कार्यक्रम विस्तार में फूलपुर नगर अध्यक्ष मोईन अंसारी ने नगर कमेटी मे चार उपाध्यक्ष, एक महासचिव समेत कुल इक्कीस कार्यकारिणी का गठन किया। इस मौके राम सुमेर पाल, अनिल यादव, सोनू पाण्डेय, कुमार मंगल, राकेश यादव, मो. अनीश, अरशद उल्लाह, सद्दन भाई, प्रशांत पायलट, सचिन यादव, अनुराग यादव, प्रणव द्विवेदी, सौरभ यादव, राजेश यादव, सुजीत यादव, फिरोज राईन सहित अन्य जुझारू सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जलाओगे दिए,तो कुम्हार का घर भी होगा रोशन : सरदार पतविंदर सिंह

करछना। जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी सरदार पतविंदर सिंह ने अपने साथियों के साथ पिछले कई दिनों से के विभिन्न मोहल्ले-मोहल्ले मे भ्रमण कर लोगों के बीच में यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि कुम्हार का घर रोशन करने के लिए दियाली का करें प्रयोग' सरदार पतविंदर सिंह जन जागरूकता करते हुए लोगों से अपील की कि दिन रात मेहनत कर दियाली बनाने वाले कुम्हार के घर रोशन करने के लिए मिट्टी की दियाली का उपयोग करें जिससे कुम्हार के घर खुशहाली व उमंग उत्पन्न हो सके अंधेरा कैसा भी हो किसी भी रूप में हो उससे निकलने का एक ही जरिया है दिया जलाएं 'सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि इस दीपावली में लोग मिट्टी की दिवाली खरीदेंगे और मां लक्ष्मी को मनाएंगे जहां लोगों का पूजा संपन्न होगा वही कुम्हार के घर की भी माली हालत में सुधार होगा दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दिवाली के दिया जलाएं' जन जागरूकता अभियान में प्रमुख रूप से रामकुमार प्रजापति, अभिषेक, हिमांशु,रितेश, नितेश,सत्यम, प्रियांशु, प्रियम, चंचल, पलक, पायल, रश्मि, हरमन जी सिंह,दलजीत कौर,संजय श्रीवास्तव सहित तमाम स्वयंसेवक रहे'।

गांवो में वोटर लिस्ट के आधार पर किया जाएगा वैक्सीनेशन : विवेक मिश्रा

करछना। विकासखंड के सभागार में बुधवार को आयोजित एक बैठक में विकास खंड करछना के एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ आई एस बी रामेश्वर सिंह ने गांव में तैनात सभी सफाई कर्मियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि गांव में वैक्सीनेशन कराने के लिए सफाई कर्मी प्रधान,कोटेदार ,आंगनवाड़ी ,आशा ,के साथ स्वास्थ्य कर्मी स्टाप के साथ टीम बनाकर गांवो में वार्ड स्तर पर घर घर जाकर वोटर लिस्ट के आधार पर वैक्सीनेशन कराया जाएगा जिससे शत-प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई जा सके सरकार की मंशा के अनुरूप सभी को टीका करण जरूरी है, जिससे इस कोरोना महामारी को रोका जा सके। सरकार की मंशा हैं कि सत प्रतिशत लोगों को वैक्सीनेशन कराया जा सके।

गहमागहमी के बीच संपन्न हुई किसान पंचायत

अखंड भारत संदेश

मांग पूरी नहीं हुई तो होगा सत्याग्रह डॉ वीके सिंह

कोरांव। जैसा की आप लोगों को मालूम था कि भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा एक द्विवसीय किसान पंचायत का आयोजन बहरैचा बघेल घाट पर किया गया जिसमें सुबह 10:00 बजे से किसानों का जमावड़ा होना चालू हुआ 1 घंटे बाद जनसैलाब के रूप में बदल गई जिसमें किसान संगठनों ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन व क्षेत्रीय मूद्दो को लेकर अड़े रहे तहसीलदार कोरांव डॉ विशाल शर्मा किसानों के बीच पहुंचे तो किसान संगठनों ने ज्ञापन देने से इनकार कर दिया तत्पश्चात उप जिलाधिकारी कोरांव अभिनव कनौजिया भारी फोर्स के साथ पहुंच कर किसान पंचायत में जमीन पर घंटों बैठकर पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने के बाद किसान संगठन ने 15 दिन की मोहलत देते हुए ज्ञापन को सौंपा पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री डॉ वीके सिंह कहां की मांग पूरी न होने पर सत्याग्रह किया जाएगा वही जिलाध्यक्ष राजू चौबे के साथ मंडल उपाध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा कि 31 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर जो ज्ञापन दिया गया है उस पर संगठन अगली तैयारी करेगा प्रदेश संरक्षक फूल चंद दुबे केके मिश्रा पिंटू चौबे पूजा मिश्रा पूर्व प्रमुख राम अवध कुशवाहा प्रकाश सिंह पटेल प्रमोद मिश्रा पयासी इंद्र दमन भूर्तिया प्रदीप तिवारी जटाशंकर मिश्रा बबलू शुक्ला आदि वक्ताओं ने पंचायत को संबोधित किया और कहा कि हम किसान मजदूर को एक मंच पर आकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ना चाहिए इस न्याय अन्याय की लड़ाई में जीत किसानों की होगी क्योंकि भारतीय किसान यूनियन भानु किसानों के साथ खड़ा है पंचायत की अध्यक्षता संकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान प्रधान कामता यादव विनय शुक्ला राजेंद्र तिवारी दुकान जी संतोष भूतिया बृजेश भूतिया मंगला कोल प्रधान बघोल देव मूनी चौबे प्रधान दतूपुर प्रधान महूली कमलेश मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष पुष्प राज शूक्ला रामजम मौर्य के साथ हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के नेता

विधायक उज्जवल रमण नीबी ग्राम सभा में सेक्टर बूथ प्रभारियो के साथ की बैठक

करछना। विधायक उज्जवल रमण सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीबी गांव में बुधवार को बूथ प्रभारिओ के साथ बैठक किया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार तीन सौ से अधिक सीट जीतेगी और सपा की सरकार बनने पर क्षेत्र का विकास के साथ-साथ युवाओं को रोजगार देने का काम करेगी सपा सरकार , बूथ कमेटी की बैठक कर समीक्षा की गई जिसमें पार्टी को मजबूत करने के लिए रणनीति पर अमल करने की बात की गई। इस बैठक में संजय सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी सनील अहमद विधान सभा अध्यक्ष अनील पटेल ब्लाक प्रमुख चौका पप्पू पिपरसा नरेंद्र कुमार यादव राजकुमार भारतीया चंद्रपाल भारतीया शीलवंत सिंह मोनू सिंह अमित कुमार अलावा क्षेत्रीय एवं स्थानीय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।,इसके बाद उन्होंने अपने पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग लग जाए पार्टी को मजबूत करने के लिए और आने वाली 2022 में समाजवादी सरकार बनाने के लिए आप लोग मेहनत करिए और अपने बूथ को मजबूत करिए आप लोग अपने गांव में प्रतिदिन जाकर समाजवादी पार्टी के बारे में बताइए और उन्हें समझाइए कि आपको इज्जत सम्मान देने वाली एक ही पार्टी है उस पार्टी का नाम है समाजवादी पार्टी।

बूथ प्रभारिओ के साथ बैठक में उपस्थित विधायक करछना उज्जवल रमण सिंह

कैकेई ने राम को चौदह वर्षों का वनवास ,दशरथ हुए बदहवास

घूरपुर। जय मां शारदा रामलीला नाट्य समिति परसरा बसंती के मंच पर मंगलवार की रात राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। दशरथ और कैकेई का संवाद सुन दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। कैकेई के द्वारा राम को चौदह वर्षों का वनगमन और भरत को राज्य मांगते ही दशरथ बदहवास हो गए। रामलीला के मंचन के पूर्व सबसे पहले प्रथम पूज्य गणेश की वंदना की गई । उसके बाद मंच पर चक्रवर्ती नरेश दशरथ का दरबार लगा । राम के राज्य की सूचना जैसे ही देवताओं को हुई तो उन्होंने मां सरस्वती की पुकार की और सरस्वती ने कैकेई की प्रिय दासी मंथरा की मति फेर दी । कैकेई के पास पहुंची मंथरा ने राजा दशरथ के प्रति जहर घोला और अपने दो वरदानों को मांगने की बात कही और कोपभवन में भेज दिया। काफी मनौअल के बाद कैकेई ने राम की शपथ खिलाने के बाद भरत को राज्य और राम को चौदह वर्ष के लिए वनवास मांग लिया । राम को वनवास मांगते ही दशरथ वदहोश हो भूमि पर गिर गए । दशरथ का करुण क्रंदन भरा विलाप सुन दर्शकों की आखों में पानी आ गया । दशरथ का अभिनय आलोक त्रिपाठी, राम का विकास तिवारी, लक्ष्मण का हर्ष द्विवेदी, कैकेई का हरिशचंद्र का अभिनय देख व बीच हुए संवाद को कलाकारों की प्रस्तुति को देख लोग भाव विभोर हो गए । मंचन में व्यास गद्दी पर शिवाजी द्विवेदी, छविनाथ द्विवेदी, रामगरीब, भूपेंद्र पाठक,राजधर द्विवेदी, जागृत कुमार पांडेय, अविनाश त्रिपाठी, अजय द्विवेदी, अभिषेक शुक्ल, बुद्धिप्रकाश द्विवेदी, शशिकांत पांडेय, लालमन पाल, शुभम, राजू आदि लोग मौजूद रहे ।

एस एस पी साहब एक नजर इधर भी...

अखंड भारत संदेश

नहीं थम रहा है हड़िया सर्किल में गौकशी पशुतस्करी व मिट्टी खनन

हंडिया। वैसे तो हड़िया सकिल में कमोवेश हर थाना क्षेत्र में गौकशी, पशुतस्करी के तस्करों ने अपना जाल बिछा दिया है। जिससे पशु तस्करों का धंधा धमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बात की जानकारी थाने के कारखास और इलाकाई पुलिस को भी है। लेकिन पुलिस एकजाई वसूली में मस्त हैं। हंडिया थाना क्षेत्र के भीटी सहित अधिकांश क्षेत्रों से पशु तस्करी छोटे बड़े वाहनों से किया जा रहा है। इतना ही नहीं सरायममरेज के मियां का पुरा से दोपहर, शाम, रात के समय पशुओं को लाद कर खुलेआम हड़िया होकर टके निकलती है । हंडिया कस्बा सहित अन्य जगहों पर गौकशी का धंधा दोपहर और रात में चलता है। इसी तरह उतरांव थाना क्षेत्र के उतरांव, कहरा, जलालपुर आदि जगहों पर गौकशी पशुतस्करी का खेल खेला जाता है। इसी क्रम में हल्का पुलिस व कारखास की मिली भगत से उपरदहां में अवैध डीजल और पेट्रोल की खरीदारी व बिक्री की जाती है। टैक्टर व डमफर में अवैध मिट्टी व बालू खनन कर ओवरलोडिंग करके रात्रि में सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं। इस समय पुलिस सिर्फ एकजाई वसूली में मस्त हैं। इसमें अहम भूमिका थाने पर तैनात कारखासी करने वाले पुलिस कर्मियों का है। रविवार को ओवर लोडिंग बालू के साथ पुलिस ने एक टैक्टर को पकड़ कर थाने ले आई। रविवार की रात में अवैध मिट्टी खनन करके डंफर में ओवर लोड करके ले जाते समय सुचना पर तेजतर्रार उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर डमफर को पकड़ कर थाने ले आये। जिससे अवैध खनन माफियो में हड़कंप मचा हुआ है। इतना ही नहीं हड़िया सकिल के थानों चौकी और कार्यालयों में कुछ पुलिस कर्मी अंगद की तरह पांव जमाये बैठे हैं और कुछ पुलिस कर्मी स्थानांतरण होने के बाद भी बैठे हैं। आखिर कार यह सब खेल किसके इशारे पर खेला जा रहा है। जो जांच का विषय है।

शिक्षक पद पर चयन से परिजनों में खुशी

सहसों। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रशिक्षित टीजीटी स्नातक शिक्षक में क्षेत्र के 3 युवाओं की सफलता प्राप्त होने पर परिजन सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के मेंडुआ ग्राम सभा निवासी गिरिजा शंकर पांडे का पुत्र बृजेश कुमार पांडे ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रशिक्षित टीजीटी स्नातक शिक्षक 2021 में चयनित होने पर परिजन सहित रिश्तेदार इष्ट मित्र तथा गांव के लोगों में खुशी की लहर है। किसान पुत्र बृजेश कुमार पांडे अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने दादा स्व भोले नाथ पांडे के साथ पश्चिम बंगाल में रहकर किया। दादा भोले नाथ पांडे भी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। दादा के अवकाश प्राप्त होने के उपरांत वापस अपने पैतृक गांव पर आकर घर पर रहकर बृजेश ने आगे की अपनी शिक्षा पूरी की आर्थिक रूप से कमजोर बृजेश के पिता प्राइवेट नौकरी करके किसी तरह परिवार का खर्चा चलाते थे। परिजन जब बेटे के परीक्षा परिणाम में सफल होने की सूचना पाए तो खुशी से झूम उठे और बृजेश को गले लगा कर ढेर सारा आशीर्वाद व बधाई दी। इसी क्रम में घरहरा चकिया गांव निवासी देव नारायण मिश्र पुत्र स्वर्गीय रुद्र नारायण मिश्र भी इस शिक्षक परीक्षा में सफलता हासिल की और खुशी से लोगों में मिष्ठान वितरण किए परिजनों ने परिणाम आने पर खुशी का इजहार करते हुए देवनारायण मिश्र को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। देव नारायण मिश्र का शुरू से ही शिक्षा के प्रति बहुत ही चेतना के साथ रुझान रहा है। उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही गांव में एवं निजी विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा देने कार्य करते रहे। इसी प्रकार शिक्षक केशव चन्द्र द्विवेदी निवासी सिंगरामऊ के पुत्र विवेक द्विवेदी उर्फ राजा भी इस टीजीटी स्नातक शिक्षक 2021 के परिणाम में सफलता हासिल की इनका पूरा परिवार शुरू से ही अपने बच्चों की अच्छी तालीम देते हुए हमेशा तत्परता के साथ सफलता का रास्ता दिखाया। विवेकी पिता एक जिम्मेदार प्राथमिक शिक्षक के नाते विद्यालय में बच्चों को शिक्षा देने का काम किया। उसी का प्रतिफल विवेक के अनुसार उनको मिला। विवेक दिवेदी के चयनित होने पर पूरा मोहल्ला एवं रिश्तेदार इष्ट मित्र बधाई देने के लिए घर पहुंचे। क्षेत्र के इन तीनों होनहारो के टीजीटी में चयन होने पर पूरे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। तीनों प्रतिभाशाली युवाओं के चयनित होने से परिजन समेत पूरा गांव मोहल्ला एवं क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। बड़े हर्ष की बात तो यह है कि यह तीनों युवा एक ही ब्लॉक बहादुरपुर के निवासी हैं।



बृजेश कुमार पांडे।

`विवेक द्विवेदी।

मैलहन में संगीतमय रामकथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त

सात दिवसीय रामकथा का मंगलवार को होगा समापन, कथा ब्यास धनंजय द्विवेदी को सुनने जुटी रही भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। आदर्श मानस प्रचारिणी समिति द्वारा बुधवार को आदर्श इंटर कॉलेज मैंलहन में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। सात दिवसीय इस संगीतमय रामकथा में सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। कथा के पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा के पश्चात समिति के अध्यक्ष सालिक राम मिश्र ने कथावाचक ब्यास धनंजय द्विवेदी को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया और कथा प्रारम्भ करने की प्रार्थना की। कथावाचक ब्यास धनंजय द्विवेदी ने रामचरितमानस की कथा का वाचन करते हुए उपस्थित भक्तों को कथा की महत्ता को समझाया। जिससे सम्पूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया। भावविभोर हुए भक्तों ने भी एकाग्र मन से कथा सुनते हुए परमपिता परमात्मा को याद किया।

रामकथा के पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा में शामिल भक्त

आयोजक डाक्टर धीरज मिश्रा ने रामकथा में आए क्षेत्र के सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और आग्रह किया कि वो अपने आसपास के लोगों को भी कथा में जरूर शामिल करें। मौके पर राम किशोर तिवारी, जगदीश प्रसाद तिवारी, मिथिलेश सिंह, राजेश मिश्र, रामेश्वर मिश्र, लाल बहादुर सोनी सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

राम लक्ष्मण और हनुमान की निकाली गई झांकी

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के बलरामपुर बाजार का ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेला भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान की चौकी निकलते ही मेले की शुभारंभ हो गया।क्षेत्र के मंडौर गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में स्थापित बजरंगबली की मूर्ति से क्षेत्रीय लोगों का आस्था जुड़ा हुआ है। कई दशक पूर्व से ही इस मंदिर पर कार्तिक मास के प्रथम मंगलवार को बुढ़वा मंगल मेला आयोजित किया जाता है ।जो बलरामपुर का ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेला के नाम से जाना जाता है ।आस्था से जुड़े बजरंगबली के इस मंदिर पर जो भी सच्चे मन से कुछ मांगा है ।उन्हें जरूर मिला है मंगलवार को ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेले में भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता माता और पवनसुत हनुमान की भव्य झांकी निकाल कर मेले का शुभारंभ किया गया मेला मंगलवार और बुधवार तक रहेगा ।झांकी जय हनुमान रामलीला कमेटी बलरामपुर गल्ला मंडी द्वारा निकाली गई इस अवसर पर अध्यक्ष रामबाबू केसरवानी, उपाध्यक्ष कमलेश केसरवानी, बलरामपुर प्रधान पति पिंटू सेठ ,विकास केसरवानी, पंकज केसरवानी, शिव शंकर स्वर्णकार, संदीप केसरवानी ,उतरांव थाना अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह मैं फोर्स के साथ आए हुए सभी दर्शकों को शांति ढंग से मेला देखने की अपील करते हुए मेला को संपन्न कराया।

कार्यालय ग्राम पंचायत कांटी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 26–10–2021 से 30–10–2021 तक सायं 4:30 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 30–10–2021 को सायंकाल 4: 30पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

क्र0	कार्य का विवरण	ग्राम पंचायत	योजना/ मद	अनुमानित लागत	निविदा मूल्य रू. में	धरोहर राशि	कार्य की अवधि
1.	बकरी फार्म रोड से अमरचन्द के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	3 लाख	500	3000	15 दिन
2.	नचकऊ के घर से गेंदा लाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	2.50लाख	500	2500	15 दिन
3.	पटेल बस्ती में रीवां रोड से रामराज पटेल के घर तक खडंजा मरम्मत	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	3 लाख	500	3000	15 दिन
4.	पटेल बस्ती में नन्हे के घर से मानसिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	3 लाख	500	3000	15 दिन
5.	संजय नगर बस्ती में नन्दलाल के घर से शिवबहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	3 लाख	500	3000	15 दिन
6.	विश्वनाथ के घर से हरिशंकर के घर तक WBM कार्य	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	2.50लाख	500	2500	15 दिन
7.	सी एस सी सेन्टर का निर्माण कार्य	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	6 लाख	500	6000	15 दिन
8.	गोवंश आश्रय स्थल बर्मी कम्पोस्ट कार्य	कांटी	मनरेगा	4 लाख	500	4000	15 दिन
9.	बड़े भाई के घर से मंगला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	कांटी	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	3 लाख	500	3000	15 दिन

सामान्य शर्तें :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण ८ निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक.....तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय कांटी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय कांटी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

लालचन्द
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत कांटी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा राज्य वित्त/नि./ 2021–22/ दिनांक

यशवन्त सिंह यादव
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कांटी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

खबर संक्षेप

घर से विछिप्त गर्भवती महिला हुई लापता

उतरांव। उतराव थाना क्षेत्र के दिघौटा गांव में घर से एक विछिप्त गर्भवती महिला लापता हो गई है। वहीं परिजनों ने उतराव थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। फूलपुर साव डीह निवासी मानिकचंद की बेटी चंदा देवी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही है।जो उतरांव थाना क्षेत्र के दिघौटा निवासी मोतीलाल भारतीय के घर अपने ननिहाल 2 महीनों से रह रही थी। वही 20 अक्टूबर की रात को घर से निकली और आज तक उसका कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने बताया कि विक्षिप्त महिला 5 माह की गर्भवती भी है। जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं चल रहा है। जिला अस्पताल में इलाज जारी है। लापता महिला का विवाह 2 वर्ष पूर्व मिश्री गांव निवासी अवधेश से हुई है। विवाह के बाद से ही उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही है। परिजनों ने उत्तराव थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं पुलिस खोजबीन कर रही है।

बोरे में मिला महिला का शव, खून टपकता देख ग्रामीणों ने रोका ,साइकिल छोड़ भागा हत्यारा

अखंड भारत संदेश

कौंधियारा। थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया। हत्या के बाद महिला का शव बोरे में भरकर एक युवक साइकिल से उसे ठिकाने लगाने जा रहा था। बोरे से खून टपकता देख ग्रामीणों ने जब उसे रोका तो वह शव और साइकिल छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के आंबा गांव के समीप नहर पुलिया पास सड़क के किनारे बोरे में भरकर एक महिला का शव साइकिल पर लादकर एक युवक ले जा रहा था। बोरे से खून टपकता देख ग्रामीणों ने उसे रोका तो वह भागने लगा। भागने के दौरान वह अनियंत्रित होकर गिर गया। खुद को घिरता देख साइकिल सहित शव को छोड़कर भाग निकला। ग्राम प्रधान आंबा कृष्णा नंद ओझा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। शव की शिनाख्त ग्राम पंचायत रामगढ़वा टिकरी रीता देवी (35) पति अरुण कुमार सिंह के रूप में की गई। बुधवार को

बोरे में खून से लथपथ शव

मृतका का पति अरुण कुमार किसी काम से सहसों गया था। मृतका का ससुर मुन्नीलाल व देवर विनोद सिंह घर पर ही थे। देवर विनोद सिंह की तहरीर पर गांव के ही अच्छे लाल गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। देवर विनोद सिंह ने बताया कि 15 दिन पूर्व अच्छेलाल ने रीता देवी को मोबाइल दिया था जिसे लेकर बाद में विवाद भी हुआ था। बुधवार सुबह रीता घर से दवा लेने के लिए निकली थी। फिर वह घर वापस नहीं आई। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

चालक को बाइक सवारों ने मारा बम, गंभीर

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के सीओडी गेट के समीप बुधवार सरे शाम बाइक सवार लड़कों ने एक चालक को बम मार कर घायल कर दिए। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां हालत गंभीर बताया जा रहा है। मामले की जांच पड़ताल पुलिस द्वारा जारी है। किसी भी आरोपी को पुलिस पकड़ने में नाकाम है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से बारा क्षेत्र के रहने वाले राजू सोनी के दो पुत्रों में निरंजन सोनी की बीते कुछ माह पूर्व करंट की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। जबकि उसका दूसरा पुत्र सोनी सोनी (26) वह क्षेत्र में स्थापित एक स्कूल में बस चलाता है और वह चकराना तिवारी, गोविंदपुर कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। बुधवार शाम लगभग 6:00 बजे वह पुलिस के मुताबिक बाइक पर सवार होकर सीओडी गेट के समीप गुजर रहा था। तभी एक बाइक पर दो बम बाज पहुंचे और ताबड़तोड़ दो बम लक्ष्य बनाकर उसके ऊपर फेंक दिए। एक बम उसको जा लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि एक बम मिस हो गया। आसपास के लोगों को जब जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पहले उसे सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र चाका ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिए। इलाज के लिए उसे वहीं पर दाखिल कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर आला अफसर के साथ ही इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की। इंस्पेक्टर कुशल पाल सिंह के मुताबिक पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल की जा रही है। वही सूत्रों पर यदि हम यकीन करें तो कई तरह की चचाओं का दौर लोगों के बीच जारी था। हालांकि पुलिस द्वारा घटित वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुटी रही।

न्यूज झरोखा

शुआट्स में मनाया गया 111वां स्थापना दिवस

प्रयागराज। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में बुधवार को 111वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कोविड -19 महामारी के कारण छात्र और कर्मचारी वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संस्थापक दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, जबकि निदेशकगण, डीन आदि ने सोशल डिस्टेन्सिंग व सुरक्षा के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। शुरूआत परमेश्वर की प्रार्थना से हुई। गॉस्पल एवं प्लाऊ इन्स्टीट्यूट आफ थियोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने गीत की प्रस्तुति दी साथ ही ह्यधन्यवाद तू प्रभु का कर, उठकर सुबह और शामह्न भजन की प्रस्तुति भी दी। हेल्थ एण्ड एलाईड साइंस की शिक्षिकाओं ने गुनाहों से दबा हुआ, बोझ से भरा हुआ भजन की प्रस्तुति दी। कुलपति प्रो (डॉ) राजेंद्र बी लाल ने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि परमेश्वर के आशीष से डा. सैम हिग्गिनबॉटम ने वर्ष 1910 में इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट की स्थापना की। उन्होंने गांव-गांव जाकर किसानों की जर्जर हालत को देखा इसके बाद वे अमेरिका गये और वहां से नई तकनीक को सीखकर आये जिसे इलाहाबाद में लागू किया। परिणामस्वरूप किसानों को भारत में पहली बार वाह वाह हल, यूपी नं01, यूपी नं02, शाबाश हल, कुदाली, कल्टीवेटर, गेहूँ थ्रेसर प्राप्त हुआ। उस समय बिजली की समस्या थी, जमीनें बंजर थीं आज परमेश्वर की कृपा से क्षेत्र में चारों ओर तरक्की हो रही है। उनका स्वप्न है कि यह भविष्य में सेन्ट्रल विश्वविद्यालय के रूप में डिग्री अवार्डिंग संस्थान बने। प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. ए.के.ए. लॉरेन्स ने संस्थापक डा. सैम हिग्गिनबॉटम के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने किसानों व नौजवानों को कृषि क्षेत्र की विभिन्न तकनीकों में प्रशिक्षित कर, भारत को खाद्य उत्पादन में आत्म निर्भर बनाने के लिये भूखे को भोजन व भूमि की सेवा के उद्देश्य से इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट की स्थापना वर्ष 1910 में की। इस अवसर पर प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस.बी. लाल, कुलसचिव प्रो. रॉबिन एल. प्रसाद, निदेशक आईपीसी प्रो. जोनाथन ए. लाल, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) डा. सी.जे. वेसली, पीआरओ एवं मीडिया प्रभारी डॉ. रमाकांत दुबे आदि उपस्थित रहे।

विधायक बारा ने नव निमार्णाधीन पॉलीटेक्निक कॉलेज व स्टेडियम का किया निरीक्षण

जसरा। बारा विधायक डा०अजय कुमार ने विधानसभा के अंतर्गत बन रहे पालीटेक्निक कॉलेज व स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि 20 दिसंबर तक काम को अवश्य पूरा कर लिया जाए। विधायक बारा डा०अजय कुमार बुधवार शाम को जसरा के ग्राम पंचायत रेरा में बन रहे स्टेडियम व पालीटेक्निक कालेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि स्टेडियम और पालीटेक्निक कालेज चुनाव की अधिसूचना के पूर्व 20 दिसम्बर तक पूर्ण हो जाने चाहिए। दोनों के ठेकेदार के न मिलने के बावजूद कहा कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करना है।निरीक्षण के दौरान उपस्थित जसरा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, रामानंद त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी,भूपेंद्र पाठक, वीरेंद्र पाठक, मोहन यादव, मुन्नू शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, शनि भारतीय, बच्चा मालवीय, दिनेश मालवीय, अशोक तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

किसानों को दी खेती के साथ कृषिगत व्यवसायों को अपनाने की सलाह

फूलपुर। इफको कोआपरेटिव रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट के समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतापपुर विकास खण्ड के मिजार्पुर गांव स्थित प्राचीन साईं नाथ मंदिर के प्रांगण में बुधवार को कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रधानाचार्य डीपीएस तोमर ने कोरडेट के क्रियाकलापों एवं इफको द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के विषय में उपस्थित किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों से धान, गेहूं की खेती के साथ ही व्यापारिक खेती, सामूहिक खेती, पशुपालन,मत्स्य पालन भी करने सलाह दी और कहा कि उपरोक्त व्यवसाय करने से निश्चित तौर पर किसानों की आय में वृद्धि होगी। मुख्य प्रबंधक राजेंद्र यादव ने किसानों को मिट्टी की जांच करा कर रिपोर्ट के आधार पर ही खेती करने की सलाह दी और अपने अनुभवों से किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि अपने खेतों में कार्बनिक खाद एवं हरी खाद का प्रयोग करें तथा स्वयं सहायता समूह बनाकर कृषिगत व्यवसायों से जुड़े। एजीटी सुमित तेवतिया ने खेतों में पराली को सढ़ाने के लिए जैव अपघटक के प्रयोग को विस्तृत रूप से समझाया। वहीं सौरव यादव ने किसानों को उत्पादों के प्रयोग के विषय में बताया। मौके पर उपस्थित कृषको को निशुल्क जैविक अपघटक एवं पपीते का पौध वितरित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मुकेश तिवारी ने किया। गोष्ठी में रवि प्रताप सिंह, छोटे लाल शुक्ला , संतोष सिंह ,रणजीत सिंह, रामचंद्र यादव ,माता शरण, अरविंद सरोज , निलेश गौड, प्रधान जटाशंकर तिवारी, सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

आला अधिकारियों का खामियाजा भुगत रहे हैं उपखंड अधिकारी

अखंड भारत संदेश

बिना लिखित आदेश के प्राइवेट कर्मियों को भेजा उपखंड कार्यालय, घेराव

नैनी। यमुनापार के दर्जनों प्राइवेट कर्मियों और विद्युत विभाग के आला अफसरों के बीच बीते चार दिन पूर्व समझौता हुआ कि उन्हें बतौर प्राइवेट कंपनी के तहत संविदा कर्मी के रूप में रख लिया जाएगा, लेकिन आला अफसरों ने इसकी कोई भी लिखित आदेश नैनी उपखंड ग्रामीण कार्यालय को नहीं मुहैया कराया। बुधवार दोपहर बाद नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल की बगिया तिराहे के समीप उपखंड कार्यालय पर पहुंचे और एसडीओ का घेराव कर उन्हें उनसे बहाली की मांग करने लगे। जब एसडीओ ने बताया कि उनके पास आला अफसरों की ओर से कोई भी लिखित आदेश उन्हें बहाल करने के लिए नहीं है, तो वह सब भड़क गए और हंगामा काटने लगे। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। यमुनापार के लगभग 42 प्राइवेट कर्मी एक प्राइवेट कंपनी के तहत कार्य करने में बीते कुछ माह से जुटे हुए हैं। उन्हें संविदा के तौर पर नहीं रखा जा रहा था तो बीते 24 अक्टूबर को उक्त 42 प्राइवेट कर्मियों ने चीफ इंजीनियर के कार्यालय पर घेराव कर दिया। जिसपर अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया और समझौता हुआ कि उन्हें प्राइवेट कंपनी के तहत संविदा कर्मी के रूप में रख लिया जाएगा, लेकिन उसकी कोई भी लिखित आदेश नैनी ग्रामीण उपखंड कार्यालय को नहीं भेजा गया। इसी कड़ी में बुधवार को उक्त 42 लोग कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल की बगिया तिराहे के समीप उपखंड कार्यालय पर पहुंचे और संविदा कर्मी के रूप में बहाल करने के लिए हस्ताक्षर करने की मांग करने लगे। जब उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने उन्हें बताया कि आला अफसरों की ओर से उन्हें कोई भी लिखित निर्देश निर्गत नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से वह उन्हें संविदा के तौर पर रखने से इंकार कर दिए। जिस पर वह सभी भड़क गए और एसडीओ का घेराव शुरू कर दिए। आनन-फानन में एसडीओ ने इसकी सूचना आला अफसरों को दी। बताया जाता है कि आला अफसरों ने एसडीओ सुनील कुमार को मामले को निपटाने के लिए कह दिए और अपन पल्ला झाड़ लिए। जबकि एसडीओ ने कहा की लिखित निर्गत आदेश मुहैया होने पर ही आगे की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। चीफ इंजीनियर से संपर्क किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। जिससे उन से वार्ता नहीं हो पाई।

भाजपा सरकार में हो रहा ब्राह्मणों का उत्पीड़न : नकुल दुबे

अखंड भारत संदेश

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नकुल दुबे मण्डल क्वार्डीनेटर अशोक गौतम एर्वं पूर्व विधायक का स्वागत करते बसपा नेता

कोरांव। विधानसभा कोरांव के नगर पंचायत स्थित गोस्वामी तुलसीदास कृषक इण्टर कालेज के प्रांगण में बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में प्रबुद्ध वर्ग सम्मान, सुरक्षा व तरक्की आदि को लेकर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता बहरैचा गांव के पूर्व प्रधान चंद्रिका प्रसाद तिवारी ने किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नकुल दुबे एवं विशिष्ट अतिथि मण्डल कोआर्डिनेटर अशोक गौतम एवं पूर्व विधायक राजबली जैसल रहे। संगोष्ठी में प्रबुद्ध वर्गों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार में ब्राह्मणों के सम्मान से खेला जा रहा है और उनको अपराधी बनाकर एनकाउंटर करने करने का काम किया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी में बहन मायावती ने ब्राह्मणों को इतना सम्मान दिया कि उनके सरकार में दर्जनों ब्राह्मण मंत्री हुआ करते थे जो ब्राह्मणों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ा करते थे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झूठ बोलकर साढ़े चार लाख नौकरी देने की घोषणा किए किंतु जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं दिखाई दिया। सूबे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातनी संस्कृत स्कूलों को बढ़ाने के बजाय बंद करने का काम करते फिर रहे हैं। इस सरकार में मंदिरों को गिराकर अडानी और अंबानी के दुकानों को चलाने का स्थान दिया जा रहा है। अंत पूर्व मंत्री ने कहा कि सभी सरकारी संस्थानों को बेचने का काम किया जा रहा है भाजपा सरकार में अब भी वक्त है सभी ब्राह्मण समाज के लोग जागो और बहन मायावती की सरकार बनाकर राजबली जैसल को विधायक बनाकर अपना मान सम्मान सुरक्षित करने का काम करें। इसी के साथ विधायक राजबली जैसल ने कहा कि अगर कोरांव का विकास आप सभी प्रबुद्ध वर्ग चाहते हैं तो झूठी सरकार को छोड़ कर बहुजन समाज पार्टी को जीताकर उनको विधानसभा में भेजने का काम करें। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल कोआर्डिनेटर अशोक गौतम, जिला अध्यक्ष चिंतामणि वर्मा, ओम प्रकाश बागी, गुड्डू त्रिपाठी, मानवेन्द्र आजाद मौर्या, जिला प्रभारी रामकुमार कुशवाहा, ब्राहमण भाईचारा अध्यक्ष शिवशंकर पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष राजू गौतम, सुरेश पाण्डेय, राजा पाण्डेय, देवीचरण कुशवाहा विधायक पीआरओ संदीप जैसल, प्रदीप जैसल आदि लोग मौजूद रहे।

छात्रों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाएगा कार्यपत्रक : बीईओ

कौड़िहार बीआरसी में प्रधानाध्यापकों की आयोजित बैठक को बीईओ ओपी मिश्रा ने किया संबोधित

टीएलएम को प्रदर्शित कर नौनिहाल छात्रों के शिक्षण को बनाया जा सकता है प्रभावी

अखंड भारत संदेश

लालगोपालगंज। बेसिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को शिक्षित करने के लिए तमाम तरह के उपाय किए जा रहे हैं। शासन एवं विभाग की मंशा के मुताबिक तमाम तरह की तकनीक को पूर्ण रुप से लागू किए जाने का प्रयास जारी है। टीएलएम को प्रदर्शित कर जहां नौनिहालों को पढ़ाने की कोशिश जारी है। वहीं कार्यपत्रक को बौद्धिक स्तर बढ़ाने के लिए सहयोगी माना जा रहा है। कौड़िहार बीआरसी में विकासखंड के समस्त प्रधानाध्यापकों की बुधवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने सप्ताह में एक दिन सभी स्कूलों में छात्रों को कार्यपत्रक देकर आकलन करें। जिसको चेक करने के उपरांत फाइलों में

कौड़िहार बीआरसी प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते बीईओ ओम प्रकाश मिश्रा व कौड़िहार बीआरसी में उपस्थित शिक्षक।

महफूज रखा जाए। कार्य पत्र के माध्यम से छात्र एवं छात्राओं के बौद्धिक स्तर को बढ़ाया जा सकता है। पढ़ाने के दौरान टीएलएम का प्रयोग शिक्षक एवं बच्चों के लिए मददगार साबित होगा। इसके लिए नए टीएमएम का निर्माण करना जरूरी बताया। बच्चों के बीच खेलकूद की प्रतियोगिताएं कराई जाएं। भयमुक्त शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बच्चों के साथ शिक्षकों को लंच करने की आदत स्वेच्छानुसार डालनी चाहिए। विद्यालय परिसर में पौधरोपण करने के साथ पर्यावरणीय शिक्षा के प्रति छात्रों को जागरुक करने कि आज जरूरत है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के आदेश निर्देश को पढ़कर सुनाए जाने के साथ ही उस पर कड़ाई से अमल करने का निर्देश दिया। साफ सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की हिदायत दी गई। इससे पहले प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष राधे कृष्ण ने ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए व्यक्तिगत तौर पर पेश आने वाली समस्याओं से रूबरू हुए। बैठक में एआरपी प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, महा मंत्री बालेंद्र पांडे, विनीत सिंह यादव, राजेश शुक्ला, कोषाधक्ष रामलाल प्रजापति, सौरभ श्रीवास्तव, अफशां जबीं, जानकी प्रसाद, अरविंद, सुधीर निषाद, फरहा नाज, बालकृष्ण, प्रमोद भट्ट, हाशिम, सुनीता सिंह आदि तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेता किए गए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

संहसों। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते युवक युवतियां जिसमें विजेता उपविजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विकासखंड सहसों की खेलकूद प्रतियोगिता छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों के परिसर में ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य सुरेश चन्द्र त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रतिभाएं गांव स्तर से ही निकल कर जिला, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करते हैं। ग्रामीण युवा अटूट मेहनत लगन से गांव से लेकर देश व प्रदेश तक विभिन्न स्पधाओं में नाम रोशन करते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर रोजगार के सुअवसर प्राप्त होते हैं। प्रतियोगिता में खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह , भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह एवं भाजपा गंगा पार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में 3000 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में

फीता काटकर उद्घाटन करते विधान परिषद सदस्य सुरेश चन्द्र त्रिपाठी

राम मोहित प्रथम, मुस्तकीम द्वितीय तथा करण यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पन्द्रह सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में राम मोहित प्रथम, सोनू द्वितीय तथा आशीष तृतीय स्थान प्राप्त किए। बालिका वर्ग में क्षमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 800 मीटर बालक वर्ग में सोनू प्रथम,अश्वनी द्वितीय तथा रंजीत तृतीय स्थान तथा बालिका वर्ग में क्षमा प्रथम ,अल्फिया द्वितीय तथाआचल तृतीय स्थान प्राप्त किया।400 मीटर बालक वर्ग में इरफान प्रथम, अमित द्वितीय, नीरज तृतीय तथा बालिका वर्ग में अल्फिया प्रथम, आंचल द्वितीय,प्रिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग में सुमित प्रथम,शिवम द्वितीय तथा गौरी तृतीय तथा बालिका वर्ग में खुशी प्रथम, क्षमा द्वितीय व गौरी तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक वर्ग में सुमित प्रथम ,शिवम द्वितीय,अमलेश तृतीय तथा बालिका वर्ग में खुशी प्रथम,आंचल द्वितीय, प्रिया तृतीय स्थान प्राप्त किया।वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जगबनधनपुर प्रथम तथा सहसों बाजार की टीम द्वितीय रही। कबड्डी प्रतियोगिता में कनौजा खुर्द प्रथम तथा कनौजा कला द्वितीय स्थान प्राप्त किया।भाला फेंक में विनोद प्रथम, मोहम्मद शादाब द्वितीय तथा सुमित तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में विनोद प्रथम,अंकित द्वितीय, राम मोहित तृतीय, ऊंची कूद में अखिलेश प्रथम ,नीरज द्वितीय, अर्जुन तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में राहुल प्रथम, अखिलेश द्वितीय, नीरज तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में शिवम प्रथम, विकास द्वितीय, अखिलेश तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक तिवारी, एडीओ पंचायत के सी पांडे,संदीप सिंह सचान, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू, सत्यम मिश्रा,मधु सिंह, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक पाल एवं दिनेश कुमार ने किया।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रदीप यादव रहे अव्वल

फूलपुर। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग प्रयागराज के तत्वावधान में बुधवार को फूलपुर के लंका मैदान में खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बालीबाल, भारतोल्लन, कुश्ती व कबड्डी में माहरत हाशिल करने वाले युवाओं ने प्रतिभाग किया। युवाओं का हौसला बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी व फूलपुर ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डेढ़ किमी के साथ ही 200 व 100 मीटर की दौड़ में चक मोहम्मद उर्फ पूरेसूदी के धावक प्रदीप यादव ने प्रथम स्थान हासिल कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। तीनों प्रतियोगिता में विजय हासिल करने पर उपस्थित ग्रामीणों ने उनकी सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी। ब्लाक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर वीडीओ विनोद कुमार, अमित सिंह, जेई सच्चिदानन्द, ग्राम प्रधान अमित कुमार यादव उर्फ राजा, श्याम बाबू गुप्ता व रेफरी के साथ ही भारी संख्या में प्रतिभागी व दर्शक मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मुंगारी वि. ख. करछना प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत मुंगारी में 14वां/पंचम/चर्तुथ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा के अंतर्गत इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, सोलर लाइट, स्कूल कायाकल्प, हयूम पाइप, सफाई कीट, खडंजा कार्य एवं हैंण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर, मरम्मत हेतु ईट इण्टरलॉकिंग, स्टीट लाइट, आंगनबाडी केंद्र, ईट, सीमेंट, सरिया, बालू, हैंण्डपंप निर्माण एवं मरम्मत, हैण्डपम्प रिबोर, सोख्ता, शौचालय निर्माण, एवं मरम्मत, बाउंडी निर्माण खाद गडढा, पुलिया, गिटटी हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 26.10. 2021 से 01.11.2021 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा दिनांक 06.11.2021 को सायं 4 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय मे निहित होगी। क्रय सामग्री ग्राम पंचायत में स्वीकृत व प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021-22 में कराये जाने वाले कार्य हेतु प्रभावी होगी। यदि किसी फर्म द्वारा कार्य पूर्ण हाने के पहले सामग्री आपूर्ति में लापरवाही बरती जाती है तो उसके स्थान पर किसी अन्य फर्म को स्थान दिया जायेगा जिससे विकास कार्य प्रभावित न हो।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख में	कार्य की अवधि
1.	अखिलेश झा के घर से बनारसी झा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	3.80 लाख	2 माह
2.	मसुरियन मां मन्दिर के मन्दिर से बसेतारा तालाब तक नाली निर्माण	3.36 लाख	2 माह
3.	पंचायत भवन मुंगारी का मरम्मत कार्य	4.58 लाख	2 माह
4.	हंसराज सिंह के घर से मां विन्ध्यवासिनी तक इण्टरलाकिंग कार्य	2.31 लाख	3 माह
5.	छोटू सिंह के घर से पति सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	3.33 लाख	2 माह
6.	मुनेश शुक्ला के घर से विष्णुकान्त शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	1.54 लाख	1 माह

गुजराता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मुंगारी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं.वि.अधि./
कोटेशन दिनांक

कमल सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मुंगारी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

प्रतापगढ़ संदेश

बेल्हा पहुंची कांग्रेस प्रतिज्ञा यात्रा, कांग्रेसियों ने किया भव्य स्वागत

चौक की जनसभा में कांग्रेसी प्रदेश व केन्द्र सरकार पर बरसे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा बुधवार को अपरान्ह वाराणसी से प्रयागराज होते हुए बेल्हा पहुंची। बेल्हा की सीमा पर यात्रा का कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। देल्हूपुर में मात्र दो मिनट यात्रा रुकने के बाद आगे बढ़ गई जहां विश्वनाथगंज व भंगवा चुंगी पर उनका स्वागत किया गया।

स्वागत करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, कांग्रेस युवा नेता नीरज तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन प्रतिज्ञा यात्रा का स्वागत किया। प्रतिज्ञा यात्रा लेकर आए कांग्रेस के पूर्व राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी, वाराणसी के कांग्रेस नेता अजय राज व राजेश मिश्र तथा मछली शहर से चुनाव लड़ चुके देवव्रत मिश्रा ने चौक में हुई जनसभा में केन्द्र की भाजपा व प्रदेश की योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की प्रियंका गांधी ने अपने सभी वादों को प्रतिज्ञा माना है और यही प्रतिज्ञा यात्रा लेकर आप सबके बीच में मैं आया हूं। यह हमारी प्रतिज्ञाएं उत्तर प्रदेश की जनता को न सिर्फ राहत देंगी बल्कि प्रदेश के मजबूत भविष्य का रास्ता निकालेंगी। बता दें कि प्रियंका गांधी ने पूरे प्रदेश में आज प्रतिज्ञा यात्रा निकाल रही हैं जिसमें टिकटों में महिलाओं की 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी, छात्राओं को स्मार्ट फोन व स्कूटी, किसानों का पूरा कर्ज माफ, बिजली बिल सबका हाफ, कोरोना काल का बकाया साफ करने का वादा किया गया है। इसके अलावा हर परिवार को 25 हजार देने तथा कोरोना की आर्थिक मार दूर करने का भी भरोसा दिलाया गया है। कांग्रेस की यात्रा में डा0 वी0के0 सिंह, मो0 इरफान, वेदान्त तिवारी, रोहित शुक्ला, अजीत प्रताप सिंह, प्रशांत देव शुक्ल, हरिश्चन्द्र सरोज, शिवम मिश्र, कृष्ण कांत शुक्ल, योगेश यादव, मो0 दिलशाद सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

दीपावली मेला उत्सव की तैयारी जोरों पर

अखंड भारत संदेश

आज से होगा दीपावली महोत्सव का आगाज

प्रतापगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में केपी कालेज में गुरुवार से शुरु हो रहे दीपावली मेला उत्सव की जोरदार तैयारियां हो रही हैं। इस मेले को भव्य बनाने में नगर पालिका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

बुधवार को सुबह से ही नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह और उनकी पूरी टीम केपी कालेज पहुंच गई थी। बुधवार को अपरान्ह तक केपी कालेज मैदान में बच्चों के झूले लग गये थे और कर्मचारी स्टाल लगा रहे थे। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर को अपरान्ह में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा मेले का शुभारंभ किया जाएगा। वैसे मेले में सांसद संगम लाल गुप्ता व सदर विधायक राजकुमार पाल को भी आमंत्रित किया गया है। आज केपी कालेज में अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के अलावा सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के वरुण कुमार सिंह सहित नगर पालिका के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस ने बरामद किया अवैध पटाखा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहगढ़ मोहल्ले से लाखों रुपए का अवैध पटाखा बरामद किया गया है। कुंडा कोतवाली के एसआई उमेश सिंह व एसआई शिव प्रसाद रावत ने छापेमारी कर पटाखा बरामद किया। बता दें कि दीपावली के लिये यह पटाखा डम्प किया गया था। पुलिस की इस कार्यवाही से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

चोरी का ई-रिक्शा अभियुक्त के पास से बरामद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना कोतवाली नगर से उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर सई नदी पुल के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 871/21 धारा- 379 भादवि से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त आर्यन गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता निवासी स्टेशन रोड़, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया व मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी का ई-रिक्शा भी बरामद किया गया। गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम में उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह थाना कोतवाली नगर शामिल रहे।

रानीगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित अभियुक्त

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना रानीगंज से उप निरीक्षक आर0 के0 पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-568/21 धारा-147, 148, 149, 504, 307, 452, 427, 286 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त अतुल त्रिपाठी उर्फ पुष्पेन्द्र पुत्र ओम प्रकाश निवासी पूरे गोसाई, थाना-रानीगंज को थाना क्षेत्र के पावर हाउस तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम में उप निरीक्षक आर0 के0 पाण्डेय मय हमराह थाना रानीगंज शामिल रहे।

कड़े संघर्ष के बाद आरसी यादव को मिली टीजीटी में सफलता

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। मन मे कुछ कर गुजरने का जज्बा हो और धैर्य तथा संयम साथ हो तो मंजिल का सफर भले ही संघर्षमय हो लेकिन आखिरकार मंजिल मिल ही जाती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया। पट्टी तहसील क्षेत्र के भरोखन (पूरेफौजी) के रहने वाले रामचंद्र यादव उर्फ आरसी यादव यादव ने जिन्होंने 50 साल की उम्र में सामाजिक विज्ञान विषय से सफलता प्राप्त किया यह सफलता उन्हें कड़े संघर्ष के बाद प्राप्त हुई। सन 2007 में उन्होंने प्रतापगढ़ स्थित एमडीपीजी कॉलेज से बीएड किया। और लगातार संघर्ष करते रहे। सामाजिक विज्ञान 2021 के टीजीटी सफलता प्राप्त किया उनकी नियुक्ति पर उनके साथियों तथा ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया लोग उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाकर फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक जंग बहादुर यादव, सहायक अध्यापक उदय राज यादव, सहायक अध्यापक बांके लाल यादव ,बृजनंदन यादव, लालमणि यादव ,बंशीधर यादव, शिवम पटेल सहित कई लोगों ने उनके नियुक्ति पर खुशी का इजहार किया।

मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना प्रदर्शन आज

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपनी मांगों को मनवाने को लेकर संघ ने 28 अक्टूबर को जिला कचहरी में धरना प्रदर्शन कर आवाज बुलंद करने का निणय्र लिया है। इसकी तैयारी काफी दिनों से चल रही है। प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 28 अक्टूबर को दिन में 11 बजे से जिलाधिकारी कार्यालय पर 21 सूत्री मांगों को लेकर विशाल धरना एवं प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के जिला प्रचार मंत्री राजीव गुप्ता ने बताया है कि कर्मचारी शिक्षक अधिकार एवं एवं पेंशनर्स अधिकार मंच के तत्वाधान में लगभग 100 से अधिक संगठनों के आह्वान पर पूरे प्रदेश के जनपद मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। धान का खेत देखकर घर लौट रहे बुजुर्ग को सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे वह रास्ते में गिरकर घायल हो गया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से उसे इलाज के लिए सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम ले गये। जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ के लिए रेफर कर दिया, किन्तु रास्ते में ही बुजुर्ग की मौत हो गई। कंधई थाना क्षेत्र के कैरी जोगीपुर निवासी सीताराम (65) मंगलवार की शाम करीब छह बजे पड़ोसी गांव अमसौना में धान का खेत देखने गया था। खेत देखकर वापस घर लौटते समय रास्ते में सामने से आ रही 0बाइक में उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी वाहन से सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम ले गये, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ के लिए रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही सीताराम की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा बाइक चालक के खिलाफ नामजद तहरीर कंधई थाने में दी गई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ कंधई सत्येंद्र सिंह ने बताया कि अधेड़ की बाइक की टक्कर से हुई मौत पर अमसौना निवासी देवेंद्र प्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बच्चा बैंक का टीकाकरण कैम्प आज

प्रतापगढ़। रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोग से स्वास्थ्य महकमे की तरह से कोरोना टीकाकरण कैम्प का आयोजन 28 अक्टूबर को डेंटल केयर सेंटर आदर्श नगर में किया गया है। बुधवार को दोनो संगठनों की हुई बैठक में यह निणय्र लिया गया। कैम्प में कोविशिल्ड का टीका लगाया जायेगा। बैठक में रमेश नटराज,डॉक्टर अनुराग मिश्रा, अश्वनी केसरवानी, समेत कई लोग मौजूद थे।

शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर यथाशीघ्र कराएं निस्तारण : मंत्री छत्रपाल सिंह

राजस्व विभाग मंत्री ने राजस्व विवादों के निस्तारण के सम्बन्ध की बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रदेश के राजस्व विभाग मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार ने निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में राजस्व विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने चकबन्दी, दैवीय आपदा, राजस्व विवादों से सम्बन्धित समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सामान्य के प्रति संवेदनशील रहे, विवाद सबन्धी प्रकरणों पर स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को हर सम्भव मदद की जाये एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों का अवश्य मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाये। चकबन्दी मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता न बरती जाये। उन्होने कहा कि जनसामान्य जो भी शिकायतें लेकर आयें उनकी शिकायत को गम्भीरता पूर्वक सुनकर यथाशीघ्र शिकायत का निस्तारण किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे। राजस्व विभाग मंत्री ने तहसील सदर का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान उन्होने तहसील में स्थित सभी कोर्ट के कक्षों का देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।

ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

बच्चों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहमदगंज मुरस्सापुर में बुधवार को प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ एडीओ पंचायत कालाकांकर संतोष कुमार शुक्ला ने सरस्वती वंदना के साथ किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्धाओं के बालक बालिकाओं ने 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर की दौड़ कबड्डी, लम्बी कूद में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर खण्ड शिक्षा अधिकारी कालाकांकर सियाराम चौरसिया व एडीओ पंचायत कालाकांकर ने सम्मानित किया और बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है इसलिए बच्चों को प्रतियोगिता में ज्यादा भाग लेना चाहिए।

इस मौके पर सुशील कुमार त्रिपाठी प्रा शि संघ अध्यक्ष कालाकांकर, विष्णु प्रसाद मिश्र, मनोज कुमार मिश्र, अनिल पाण्डेय मांडलिक मंत्री प्रा शि संघ, कैलाश चन्द्र मिश्र, वकील अहमद, आदित्य प्रकाश त्रिपाठी व्यायाम शिक्षक, विमलेश कुमार, शैलेश ओझा, संजय शुक्ला, सुभाष, जय प्रकाश, अकबरी बानो आदि लोग मौजूद रहे। नव निर्वाचित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जीवन लाल यादव ने खेल समापन पर बच्चों व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक हजार लंच पैकेट वितरण किया।

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पम्पलेट बांटकर दी जानकारी

परियावां, प्रतापगढ़। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश क्रम में बुधवार को डोर टू डोर जनसंपर्क कर कालाकांकर, विकास खंड के गांव कुसवापुर हरिजन बस्ती में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित आजादी के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर भी, लोगों को अभी तक उनके लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी नहीं है। न्यायालय की मंशा है कि न्याय अंतिम छोर तक पहुंचना चाहिए।

मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष की तहरीर पर आधा दर्जन के विरुद्ध मुकदमा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। बीते 26 अक्टूबर को दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मझौली गांव में बीते 26 अक्टूबर को सुबह आठ बजे रामप्रताप और लाल बहादुर के बीच जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई जिससे दोनों पक्षो के एक दर्जन लोग जख्मी हो गए थे। मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली पट्टी में तहरीर उसी दिन दे दिया था। पुलिस ने मंगलवार को लाल बहादुर की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था तो वही बुधवार को रामप्रताप की तहरीर पर पुलिस ने लाल बहादुर, राहुल राज कुमार, पूजा, प्रीति और रंजना के खिलाफ मारपीट तोड़फोड़ गाली गलौज जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर लिया।

आरोपीगण उठा ले गए सीमेंट व सरिया

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। मकान निर्माण होते समय आरोपीगढ रखा हुआ सीमेंट व सरिया तथा फर्नीचर उठा ले गए मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को जमकर मारा पीटा पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बनपुरवा गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते 25 अक्टूबर को रात के समय उनके पड़ोसी संतोष, विकास, अनिल गन्तलाल पड़ोसी के मकान में रखा हुआ 10 बोरी सीमेंट 2 कुंटल सरिया सीढी तथा तखत उठा ले गए पूछने पर मारपीट जान से मारने की धमकी दी और गाली गलौज किया पीड़ित की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया।

बसपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे पहुचे परियावां

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। आगामी 2022 में होने वाले विधान सभा चुनाव को देखते हुए ब्राह्मण समाज को पार्टी से जोड़ने के लिए बुधवार को बसपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे का काफिला प्रयागराज के सोरांव जाते हुए परियावां में मण्डल बसपा क्वाडीनेटर अनीस मंसूरी के बुलाने पर पैतृक आवास पहुचे जहां परियावां बाजार में सायरन हूटर की आवाज से लोग काफिला को देखने लगे ऐसा लग रहा था मानो चुनावी बिगुल बज गया हो काफिला पहुचने पर अनीस मंसूरी के बड़े भाई मुगन अली मंसूरी ने परियावां व आस पास कुछ प्रभावशाली ब्राह्मण वर्ग के लोगो को बुलाकर कैबिनेट मंत्री से मुलाकात कराया जिस पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे ने ब्राह्मण वर्ग से मुलाकात करके पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जंगलराज कायम है आये दिन प्रदेश में अपराध बढ़ रहे है जिसे रोक पाने में विफल हो रही है ।कहा कि बाबागंज विधान सभा मे बसपा पार्टी आप सबके सहयोग से चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतरेगी जिसे आप सब लोग सहयोग देकर जिताये आपके बाबागंज निर्वाचन क्षेत्र का परियावां बाजार में विकास कायी का कुछ अता पता नही है यहाँ पर समस्याओं से लोग जूझ रहे है कोई सुनने वाला नहीं है। इस मौके पर श्रवण कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार शुक्ला, कमलेश कुमार मिश्रा, शिव कुमार पांडेय, जय प्रकाश शुक्ला, हाफिज समसुल आरफीन,सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले के अलग अलग थानों द्वारा दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त लवलेश कुमार पुत्र चंद्र कुवर निवासी देरहरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त राज कुमार उर्फ बड़का पुत्र शिवलाल निवासी चित्तापुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त मुन्ना पुत्र सैकू निवासी उखाइया थाना करारी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

कोरोना के दृष्टिगत कार्यवाही

कौशाम्बी। जिले में सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन के क्रम में एसपी के निर्देशन में जिले स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने व मास्क न लगाने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें 91 वाहनों व ई चालान किया गया व 1 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया बिना मास्क लगाये घूम रहे 13 व्यक्तियों से 1450 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

गृह स्वामी को कमरे में कैद कर सोने-चांदी के जेवर समेत 45 हजार नगद ले उड़े चोर

अखंड भारत संदेश

पूर्व की कई घटनाओं का खुलासा न होने से चोर गिरोह के सदस्यों के हौसले बुलंद

करारी कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन के पूरा गांव में बीती रात घर में घुसे चोरों ने बक्सा तोड़कर सोने चांदी का जेवर कपड़ा समेत 45 हजार रुपए नगद उठा ले गए हैं घटना की जानकारी पीड़ित परिजनों ने पुलिस को दी है लेकिन पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है इसके पहले भी इसी थाना क्षेत्र में कई घरों में चोरी हो चुकी हैं जिसका खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के शुक्लान पुरवा गांव निवासी दिनेश शुक्ला पुत्र अमृत लाल शुक्ला के घर बीती रात करीब 2 बजे चोर गिरोह के सदस्यों ने धावा बोल कर पीछे की दीवार काटने का प्रयास किया लेकिन दीवार न कटने पर चोर गिरोह के सदस्य ऊपर छत पर चढ़ कर ऑगन में कूद गए चोर गिरोह के सदस्य जब ऑगन में कूदे तो कूदने की आवाज सुन कर दिनेश शुक्ला की आंख खुल गयी और वह बाहर निकलना चाहे लेकिन उनके कमरे के दरवाजे में बाहर से कुंडी बन्द थी जिस पर वह कमरे में कैद रह गए कमरे के भीतर कैद गृहस्वामी के हो हल्ला मचाने के बाद शोर गुल सुनकर बाहर के लोग इकट्ठा हुए बाहर से लोगो ने दरवाजा खोला तो देखा कि दूसरे कमरे में रखा बक्सा का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर 45 हजार रुपए नगद कपड़ा साड़ी आदि समान चोर उठा ले गए करारी थाना क्षेत्र के अर्का पुलिस चौकी में गृह स्वामी द्वारा चोरी की घटना की खबर दिया गया है लेकिन चोरी की घटना का सुरागरसी पुलिस नहीं लगा सकी है इससे पहले शिवनाथ के पूरा इब्राहिमपुर शुक्लन के पूरा में कई घरों में चोरी हो चुकी है जिनका खुलासा आज तक पुलिस नहीं कर सकी है जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और इलाके की जनता बार-बार घटना होने से विचलित है।

मेहता कॉलेज के कर्मचारियों के बकाया वेतन पर दिया चौसठ लाख

अखंड भारत संदेश,

कर्मचारियों को दीपावली से पहले निदेशक ने दिया तोहफा कर्मचारियों में जश्न का महौल काफी वर्षो से पेंडिंग था कर्मचारियों का पैसा

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मेहता कॉलेज के कर्मचारियों को कई वर्षों से बेतन नही मिल पा रहा था यहां तक कि कर्मचारियों के अवकाश ग्रहण करने के बाद भी वेतन नही दिया जाता था कर्मचारियों की शिकायत पर निदेशक संदीप सक्सेना ने समस्या को संज्ञान लेते हुए जितने भी कर्मचारियों का वेतन पेंसन रुका हुआ था सभी को दीपावली से पहले लगभग चौसठ लाख रुपये का भुगतान कर्मचारियों में किए जाने का निर्देश निदेशक ने दिया है। उन्होंने कहा कि वैष्विक महामारी के भी दौरान जितने भी टीचर या कर्मचारी का वेतन पेंशन बकाया हो सभी को दीपावली से पहले भुगतान कर दिया जाए जिससे अबकी बार सभी को दीपावली का त्योहार मनाने में कोई कसर न रह जाए।

यहा यह भी बताना होगा कि जिले का यह पहला कॉलेज है कि जिस कॉलेज के निदेशक ने चौसठ लाख रुपये की भारी भरकम रकम अवमुक्त कर दिया है जिससे सभी के चेहरे से मायूसी के बादल की छटा गायब हो गयी है और कर्मचारियों में जबरदस्त खुशी की लहर है सभी कर्मचारियों ने निदेशक की इस कार्यशैली पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि टीचर भविष्य के आईना हुआ करते है जिनकी सेवा से लोग डॉक्टर इंजीनयर व अधिकारी बना करते है जीवन मे इनकी सेवा का कोई जोड़ नही है बहुत से कर्मचारियों ने पैसा मिलने की आस भी छोड़ दी थी पैसा मिल जाने से लोगो की बहुत सी समस्या का निदान हो जायेगा उन्होंने यह भी बताया कि जो भी कर्मचारी बहुत दिनों से नौकरी कर रहे है काफी समय बीत गए परंतु आज तक उनको स्थाई नही किया गया इस पर प्रकाश डालते हुए सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक वर्ष कम से कम दो कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा।

न्यूज झरोखा

विधिक साक्षरता एवं सहायता हेतु किया गया जागरूक

51 ग्राम सभाओं एवं 06 शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर आंगनवाड़ी विभाग की महिलाओं ने किया जागरूक

कौशाम्बी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 51 ग्राम सभा एवं 06 शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर कैम्पेन व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से वरिष्ठ नागरिकों अधिकार विषय पर 51 ग्राम सभाओं एवं 06 शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर विधिक साक्षरता एवं सहायता हेतू जागरूक किया गया तथा बाल विकास केन्द्र परियोजना कड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता के प्रचार-प्रसार हेतु प्रशिक्षण एवं रैली निकाली गयी। जिसमें आठ ब्लाक के सी0डी0पी0ओ0, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं एन0जी0ओ0 व समाज सेवी द्वारा उपस्थित होकर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता रैली निकाली गयी।

शहीद किसानों को दिया गया श्रद्धांजलि

कौशांबी। भारतीय किसान यूनियन के नेताओं द्वारा जिला पंचायत परिसर में एक बैठक कर शहीद किसानों के अस्थि कलश को श्रद्धांजलि और पुष्प अर्पित कर पवित्र गंगा नदी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया है और किसान विरोधी केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर को बर्खास्त किए जाने की मांग से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा है बैठक के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री किसान विरोधी है और इन्हें पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं है किसानों ने डीजल पेट्रोल के बढ़ते मूल्य पर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है इस मौके पर नूरुल इस्लाम विजय तिवारी रणधीर सिंह देवराज तिवारी सिद्ध सरन भैयालाल प्रेम नारायण गणेश प्रसाद ननकू लाल बिंदेश्वरी प्रसाद सुनीता देवी लवकुश यादव संजय यादव श्यामलाल गजराज मोहम्मद अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे

विधायकी का दावेदार शिक्षकों को कर रहा संगठित

कौशाम्बी। आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में बहुजन समाज पार्टी से मंझनपुर विधानसभा से विधायक पद के प्रबल दावेदार एक शिक्षक द्वारा शिक्षकों को संगठित करने का प्रयास किया जा रहा है विधायकी के दावेदारी में लगे शिक्षक ने लीगल अनलीगल तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित की है और हमेशा सरकार के विरोध में बयानबाजी करना उस शिक्षक की आदत में शामिल है अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके अधिकार दिलाने की बात कहकर धरना प्रदर्शन करने वाला यह शिक्षक इन दिनों धरना प्रदर्शन आयोजित कर पर्दे के पीछे से विधायक के चुनाव की रणनीति बना रहा है इस धरना प्रदर्शन में अनुसूचित जाति और जनजाति के शिक्षकों को एकत्रित कर उन्हें भाजपा सरकार के प्रति भड़काने का काम किया जाएगा।

मीटिंग की बात सुनकर दबंगों ने किया हमला

कौशांबी। मेड़वाड़ा गांव में मिशन शक्ति योजना की बैठक हरीश द्विवेदी के यहां आयोजित होनी है इस बैठक की जानकारी मिलते ही गांव के कृपाचार्य दिवाकर मधुकर आदि ने हरीश द्विवेदी से मीटिंग करने के लिए मना किया जब वह नहीं माने तो कृपाचार्य दिवाकर मधुकर आदि ने हरीश द्विवेदी पर हमला किया है मारपीट कर उन्हें लहूलुहान किया है मामले की सूचना हरीश द्विवेदी ने स्थानीय कौशांबी थाना पुलिस को दिया है।

प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहयोग करने की अपील

कौशाम्बी। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा कड़ाधाम के कुबरी घाट पर जिला युवा समन्वयक शमीम बेगम की अगुवाई एवं अधिशाषी अधिकारी कड़ाधाम अनिल कुमार मौर्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय श्रमदान एवम स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं द्वारा गंगा घाट एवं आस-पास के क्षेत्र में फैली प्लास्टिक को इकट्ठा करते हुए लोगों को कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करने एवं अपने आस-पास सफाई रखते हुए भारत सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर जारी प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहयोग करने हेतु अपील की गई। अधिशाषी अधिकारी द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर कहा गया कि अगर हम सभी युवा ठान लें तो अपना भविष्य पॉलिथीन मुक्त बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 8 कुन्तल प्लास्टिक कचरा उठाकर नगर पंचायत के सफाई कर्मी सूरज कुमार को पॉलिथीन नष्ट करने हेतु सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रकाश चन्द नेहरू युवा केन्द्र की स्वयं सेविकाएं सभ्या जायसवाल,नीलू यादव एवं स्वयंसेवक विनय पाण्डेय, दीपेन्द्र अग्रहरि,सत्यम केशरवानी, अभिषेक कुमार,ओमशंकर साहू जितेन्द्र साहू मुस्कान,विनोद, राहुल, रमेश,शनी,दिलीप, दिनेश, कप्तान सिंह,अफसार आदि लोग उपस्थित रहे।

नगर पंचायत अझुवा के दशहरा में मेला प्रबंधक ओमप्रकाश मौर्य साथ में मौजूद सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल सांसद विनोद सोनकर जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी व अन्य तथा मेले की सुरक्षा में लगी पुलिस फोर्स।

एक हजार लेने के बाद 5 हजार डिमांड कर रही चौकी पुलिस

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी पुलिस का भी कारनामा निराला है बीरन घर के बाहर दबंगों ने ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करना शुरू कर दिया ट्रैक्टर ट्राली हटवाने की फरियाद बीरन पुत्र रामनारायण निवासी लालापुर ने चौकी पुलिस चौकी से की उसका कहना है कि उसका पैतृक मकान है जिसे तोड़ कर उसने नया निर्माण किया है लेकिन पड़ोसी कालेन्द्र उर्फ कल्लू जबरिया बीरन के घर के सामने ट्रैक्टर ट्राली खड़ा कर देते हैं आला अधिकारियों को भेजे गए अपने रिपोर्ट में इस बात को चौकी पुलिस ने भी स्वीकार किया है कालेन्द्र उर्फ कल्लू जबरिया ट्रैक्टर ट्राली खड़ा कर रहा है चौकी पुलिस ने स्वीकार किया है कि यह जमीन बीरन के पूर्वजों को तहसील से पट्टे में मिली है ट्रैक्टर ट्राली हटवाने के लिए चौकी पुलिस ने बीरन से एक हजार रुपए ले लिया है लेकिन रुपए लेने के बाद भी चौकी पुलिस ट्राली नहीं हटवा सकी और जब दोबारा बीरन चौकी पुलिस से फरियाद लेकर पहुंचा तो उससे चौकी प्रभारी द्वारा पांच हजार रुपए की अतिरिक्त मांग की जा रही है रुपए ना देने पर अब आरोपियों को बल दिया जा रहा है जिससे विवाद की स्थिति है।

अझुवा कस्बे में दो दिवसीय विशाल मेले का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा का 2 दिवसीय दशहरा मेला सकुशल सम्पन्न हुआ मेला प्रबंधक ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि कोरोना काल के बाद मेले में उमड़ी अपार भीड़ ने आने वाले त्योहार के उत्साह में चार चांद लगा दिया। आदर्श नगर पंचायत अझुवा में 17 अक्टूबर को मुकुट पूजन के साथ शुरू हुए रामलीला कार्यक्रम में बीती देर शाम लक्ष्मण मूर्छा, मेघनाद वध,कुम्भकर्ण वध,अहिरावण वध सहित आतातायी रावण वध कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

दो दिवसीय मेले के प्रथम दिवस का आयोजन 25 अक्टूबर को हुआ जिसमे भीड़ अपेक्षाकृत कम रही किन्तु मेला के दूसरे दिन मेला दर्शनार्थियों की अपार भीड़ आ गयी बड़े बुजुर्ग बच्चों महिलाओं ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया जिधर देखो उधर लोगों का सैलाब ही दिखाई दे रहा था महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन की दुकान बच्चों के लिए झूले खेल खिलौने चाट, गोलगप्पे चाउमिन पिज्जा वर्गर आइसक्रीम की दुकानें,टेन्द्री मोड़ के पास आकर्षक क्राकरी बर्तन वस्तुए, देवी देवताओं के चित्र की दुकानों सहित तमाम प्रकार के खान पान की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। सब्जी मंडी में लगे मीना बाजार में महिलाओं ने अपनी मनपसंद चीजों की जमकर खरीददारी की है महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिसकर्मी बराबर चहलकदमी करती देखी गयी हैं! भोला चौराहे से टांडा मार्ग,सब्जी मंडी ,किराना गली शायरी माता ,बाल रामलीला कमेटी रोशनी कमेटियों द्वारा पूरे नगर को सुंदर आकर्षक रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा दिया गया था राष्ट्रीय राजमार्ग सहित नगर की गलियों में अपार भीड़ का आलम था जिसे पुलिस प्रशासन के लोग संभाल रहे थे।कमेटियों द्वारा मंच बनाये गए थे जिसमें वालेंटियर तैनात थे। टेन्द्री मोड़ पर उदय अग्रहरि अपने साथियों के साथ भीड़ को बखूबी संभाल रहे थे! वार्ड नं 9 सनई मंडी में स्वयंसेवकों द्वारा निशुल्क चाय और चंदन अपने सहयोगी साथियों के साथ हलुआ -दमालु शुद्ध जल के साथ मेले में आये दर्शनार्थियो को निःशुल्क उपलब्ध करवा रहे थे।

ब्रेक डांस झूला आकर्षक चौकिया,रामलीला रहा मुख्य आकर्षण

अझुवा कौशाम्बी। मेले में मुख्य आकर्षण ब्रेक डांस झूला आकर्षक चौकिया,रामलीला, शायरी माता के पास कल्लू प्रसाद अग्रहरि और उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित की गई नौटंकी ,जिसे देखने के लिए लोग धक्कम धक्का करते रहे ! सुबह भरत मिलाप का कार्यक्रम हुआ भगवान राम और भरत का मिलन देख दर्शकों की आंखे भर आईं ।रोशनी कमेटी की प्रतियोगिता हुई निर्णायक मंडली द्वारा स्टार रोशनी कमेटी को ध्वनि विस्तारक एवं नवयुवक सेवा मंडल कमेटी को रोशनी विजेता घोषित किया गया है।

मेले का आकर्षण या चुनाव की सुगबुगाहट...

अझुवा कौशाम्बी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पुत्र योगेश मौर्य के मेला देखने पहुंचने पर लोगों ने कयास लगाया कि मेला देखना तो बहाना है चुनाव की तैयारी है हालांकि सांसद विनोद कुमार सोनकर जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी विधायक शीतला प्रसाद पटेल ,राहुल मौर्य आकाश मौर्य सहित तमाम भाजपाई मेला देखने पहुंचे थे परंतु एक केशवमय रथ जिसमे एलईडी के माध्यम से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का गुणगान कर कलेंडर बांटे जा रहे थें वह केशव प्रसाद मौर्य के 2022 चुनाव सिराथू विधानसभा से लड़ने की पुष्टि कर रहा था। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी कपूर चंद्र केशरवानी ने कहा कि आकर्षक चौकियों सहित मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में हिन्दुओ के आराध्यों का देवी देवताओं का वस्त्र धारण कर अश्लील फूहड़ नृत्य आखिर हमारी संस्कृति को कहाँ ले जा रहा है इस पर हमारी युवा पीढ़ी को समझने की आवश्यकता है मेला प्रबंधक ओमप्रकाश कुशवाहा पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ने अपने सहयोगी साथियो विशेषकर पुलिस प्रशासन ,सैनी कोतवाल तेजबहादुर सिंह अतिरिक्त निरीक्षक रणंजय सिंह चौकी इंचार्ज अझुवा विजेंद्र सिंह और उनकी टीम को व्यवधान रहित सकुशल विशाल मेला सम्पन्न कराने हेतु धन्यवाद दिया है।

एक घंटे समय निकाल कर प्रतिदिन आईजीआरएस की शिकायतें निस्तारित करें अधिकारी : डीएम

अखंड भारत संदेश

थानों से पीड़ित सैनिकों ने डीएम से शिकायत

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुल 14 लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन नजमुल हुदा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आईजीआरएस की बैठक संपन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन एक घण्टे का समय निर्धारित कर आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी/सचिव ग्राम पंचायत व सिपाही आदि को मौके पर भेजकर शिकायत का निस्तारण कराया जाय एवं शिकायतकर्ता से फीडबैक भी प्राप्त किया जाय। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्रथम 07 दिन में ही कर दिया जाय। उन्होंने कहा कि शासनादेशानुसार निस्तारण आख्या टाइप किया हुआ ही अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री संदर्भ के शिकायतों की निस्तारण आख्या विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष स्वयं हस्ताक्षर कर अपलोड करना सुनिश्चित करें। बैठक में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार द्वारा सभी अधिकारियों को आईजीआरएस के निस्तारण के संबंध में शासन द्वारा जारी नये शासनादेश के सभी विन्दुओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ताड़का बध होते ही देवताओं ने भगवान राम पर पुष्पवर्षा कर की स्तुति

कौशाम्बी। उदहिन बाजार में चल रही दस दिवसीय रामलीला के तीसरे दिन ताड़का बध की लीला दिखाई गई। ताड़का बध होते ही भगवान राम जी के ऊपर देवताओं ने पुष्पवर्षा कर उनकी स्तुति की। राजा दशरथ के चार पुत्रों के विषय में जैसी ही विश्वामित्र मुनि को जानकारी मिली, विश्वामित्र मुनि राजा दशरथ के पास आए और उनसे कहा कि हमारे आश्रम के आसपास तमाम राक्षस उत्पात मचाते हैं और हमारे यज्ञ कार्य को सफल नहीं होने देते साथ ही ऋषि, मुनियों को बहुत सताते हैं। उनसे उत्पात से मुक्ति के लिए हम दस दिन के लिए राम एवं लक्ष्मण को आश्रम ले जाना चाहते हैं। राजा दशरथ विश्वामित्र मुनि की बात सुनकर विचलित हो उठे और राम एवं लक्ष्मण को आश्रम भेजने से मना कर दिया। राजा दशरथ के अस्वीकार करने से कृद्ध होकर विश्वामित्र मुनि अयोध्या पूरी को नष्ट कर देने का श्राप देने का विचार किया। जैसे ही यह सूचना मुनि वशिष्ठ जी को हुई, मुनि वशिष्ठ जी राजा दसरथ को समझाया और कहा कि विश्वामित्र मुनि के साथ राम एवं लक्ष्मण जी को यज्ञ संपन्न कराने के लिए दस दिन विश्वामित्र आश्रम भेज दें। अंततः राजा दशरथ राम और लक्ष्मण को दस दिन के लिए विश्वामित्र मुनि के साथ उनके आश्रम भेजने को सहमत हो गए।

विश्वामित्र मुनि राम एवं लक्ष्मण को साथ लेकर जंगल के रास्ते अपने आश्रम की ओर चल पड़े। रास्ते में उन्हें सुबाहु नाम का विकराल राक्षस मिला, जिसे भगवान राम ने एक ही वाण से धराशाई कर दिया। और आगे चलने पर जंगल में ताड़का राक्षसी मिली। ताड़का राक्षसी के आतंक से जंगल के ऋषि, मुनि कोल, भील सभी परेशान और भयभीत रहते थे। मुनि विश्वामित्र ने भगवान राम को ताड़का राक्षसी के आतंक के बारे में बताया। भगवान राम और विश्वामित्र मुनि की बातों को सुनकर ताड़का राक्षसी भड़क उठी और राम चन्द्र जी को खाने दौड़ी। इसपर राम और ताड़का राक्षसी का युद्ध हुआ। युद्ध में भगवान राम ने ताड़का राक्षसी का वध कर दिया। ताड़का राक्षसी के बध होते ही देवताओं ने भगवान राम के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनकी स्तुति की। इसके बाद भगवान राम, लक्ष्मण विश्वामित्र मुनि के आश्रम पहुंचे और तमाम राक्षसों का बध करके उनका यज्ञ का कार्य संपन्न कराया। रामलीला मंचन के तीसरे दिन कार्यक्रम आयोजक अजय सोनी जिला पंचायत सदस्य ने अपने संदेश में कहा कि हमें सदैव समर्पित होकर भगवान का गुणगान करना चाहिए। रामलीला देखने से हमें जीवन की तमाम बड़ी परेशानियों से मुक्ति का उपाय एवं मार्ग प्राप्त होता है। इस अवसर पर जीतू केसरवानी, डॉ राजेंद्र प्रसाद, राम बाबू सोनकर, बृजेन्द्र तिवारी, दशरथ लाल दिवाकर राजेश केसरवानी, हिमांशु केसरवानी, विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

आंखों में पट्टी बांधकर बाइक चलाते जादूगर।

भरवारी में हो रहा है दीपावली भव्य मेले का आयोजन : विधायक संजय गुप्ता

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने भरवारी के रामलीला मैदान के सामने राम वाटिका में बुधवार को बताया कि नगर पालिका परिषद भरवारी में दीपावली मेले का भव्य आयोजन हो रहा है मेले में आकर्षण झूले होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच होगा स्टाल होंगे शिल्प संबंधित लोकल उत्पाद से संबंधित यहां पर सभी चीजें होंगी और बहुत ही भव्य मेले का आयोजन हो रहा है यह मेला 28 अक्टूबर से शुभारंभ है और 1 नवंबर को समापन होगा आकर्षण मेले में राजू श्रीवास्तव सहित तृप्ति शाक्या ज्ञानेंद्र भार्गव जादूगर जैसे कई सेलिब्रिटी रहेंगे इसी क्रम में साथ ही उपस्थित नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी गिरीश चंद ने बताया कि सभी चल रही सरकारी योजनाओं के स्टाल मेले में लगाए जाएंगे लेजर शो भी मेले में होगा। बुधवार को विधायक संजय कुमार गुप्ता की मौजूदगी में जादूगर ज्ञानेंद्र भार्गव ने अपनी दोनों आंखों में 5 परत की काली पट्टी बांधकर भरवारी की नई बाजार से होते हुए पुरानी बाजार खलीलाबाद रोही सकाढा मूरतगंज बाजार होते हुए भरवारी के किड्जी विद्यालय में कार्यक्रम का समापन किया तत्पश्चात जादूगर ज्ञानेंद्र भार्गव की आंखों की सभी पटिया खोलकर विधायक ने कहा कि हमारे देश में ऐसे बहुत सारे कलाकार हैं जो जादूगर की दुनिया में इन्होंने अपना नाम कमाया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नगरवासी वा समर्थक मौजूद रहे।

गुरुवार को गरजेगे बिजली कर्मचारी संघ के पदाधिकारी

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिव मणि त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को द्विवार्षिक सम्मेलन मंझनपुर के एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया है सम्मेलन में समस्त विद्युत निविदा कर्मचारी एकत्रित होकर अपनी मांगों के लिए आवाज बुलंद करेंगे उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मंडल कमेटी और उपखंड कमेटी का गठन किया जाएगा उन्होंने कहा कि निविदा कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा में कार्य करते हैं जिसके कारण निविदा कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है दुर्घटना या अन्य समस्याएं होने पर विभाग और ठेकेदार दोनों अपना-अपना पल्ला झाड़ कर यह कहते हैं कि हमारे कर्मचारी नहीं है विद्युत निविदा कर्मचारियों से कार्य विभाग करवाती है और वेतन देने का काम ठेकेदार करते हैं इन तमाम मुद्दों को लेकर गुरुवार को मंझनपुर के एक गेस्ट हाउस में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

तहसील परिसर से बाइक चोरी

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के तहसील चायल परिसर में खड़ी युवक की एक बाइक मंगलवार को चोरों ने पार कर दिया बाइक ना देख पुलिस चौकी जाकर उसने चोरी की तहरीर दी है कोखराज थाना क्षेत्र के लालापुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र परऊ मंगलवार को लेखपाल से मिलने के लिए तहसील गया था उसने तहसील परिसर के अंदर बाइक को खड़ी कर दिया लेखपाल से मिलने के बाद घर जाने के लिए निकला लेकिन बाइक गायब थी।

गेस्ट हाउस से बाइक चोरी

भरवारी कौशांबी। भरवारी कस्बे के मेहता रोड स्थित सेठ मोहनलाल गेस्ट हाउस में 26 अक्टूबर को दावत खाने गए एन डी कॉलोनी निवासी राजीव कुमार की वाइफ चोरों ने पार कर दी है जब वह दावत खाकर बाहर निकले तो उनकी बाइक गेस्ट हाउस से गायब थी उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी बाइक का पता नहीं लग सका है।

सम्पादकीय

आईपीएल ब्रैंड का कमाल, नीलामी ने बढ़ाई साख

कॉन्सशिऱ्यम के मामलों में भी बीसीसीआई ने शर्त रखी थी कि उसमें तीन से ज्यादा निवेशक न हों। यानी मजबूत दावेदार ही बोली लगाएं। एक और बात है कि इस नीलामी से दुनिया की प्रतिष्ठित स्पोट्र्स लीगों में इसकी पहचान और बढ़ेगी। आईपीएल की दो नई टीमों- लखनऊ और अहमदाबाद- के खरीदे जाने का मौका न केवल बीसीसीआई और आईपीएल के लिए बल्कि दुनिया में क्रिकेट के कारोबार के लिहाज से भी मील का पत्थर बन गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह तो नीलामी की बोली ही है। 2008 में उद्योगपति मुकेश अंबानी ने टी-20 लीग की सबसे हाईप्रोफाइल फ्रैंचाइज में गिनी जाने वाली मुंबई इंडियंस को 11.19 करोड़ डॉलर में खरीदा था। अब 13 साल बाद 2021 में लखनऊ को आरपीएसजी ने 7090 करोड़ रुपये (करीब 94 करोड़ डॉलर) और अहमदाबाद को सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने 5625 करोड़ रुपये (करीब 75 करोड़ डॉलर) में खरीदा है। यह आईपीएल ब्रैंड की असाधारण कामयाबी का सबूत है। लखनऊ को बीसीसीआई की ओर से तय बेस प्राइस (2000 करोड़ रुपये) से 250 फीसदी और अहमदाबाद को 160 फीसदी ऊंची कीमत मिली। ऊंची बोली के अलावा भी कई बातें हैं जो आईपीएल ब्रैंड को लेकर निवेशकों के भरोसे का परिचय देती हैं। उदाहरण के लिए, इस नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने की जो शर्तें बीसीसीआई ने तय की थीं, वे भी काफी कुछ कहती हैं। इन शर्तों के मुताबिक जरूरी था कि बोली लगाने वाली कंपनियों का कम से कम 3000 करोड़ रुपये सालाना टर्नओवर हो।

कॉन्सशिऱ्यम के मामलों में भी बीसीसीआई ने शर्त रखी थी कि उसमें तीन से ज्यादा निवेशक न हों। यानी मजबूत दावेदार ही बोली लगाएं। एक और बात है कि इस नीलामी से दुनिया की प्रतिष्ठित स्पोट्र्स लीगों में इसकी पहचान और बढ़ेगी। सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स एक प्राइवेट इक्विटी फर्म है। दुनिया की ला लीगा जैसी फुटबॉल लीग को ऊंचे मुकाम तक ले जाने में इस तरह के निवेशकों ने बड़ी भूमिका निभाई है। भारत के इस क्रिकेट ब्रैंड पर किसी प्राइवेट इक्विटी फर्म के भरोसा जताने का मतलब यह भी है कि इस लीग में आज के मुकाबले कहीं ज्यादा कमाई करने की संभावना है। वैसे, आईपीएल का विवादों से भी नाता रहा है। कभी इसके प्रमोटर्स को लेकर विवाद हुए तो कभी इस पर फिक्सिंग प्रकरण का साया पड़ा और कभी इसे महामारी के प्रकोप की बाधाएं झेलनी पड़ीं। इन सबके बीच क्रिकेट को तमाशा बना देने के आरोप भी लगते रहे। लेकिन हर विवाद, हर संकट और हर चुनौती की आग से गुजरते हुए यह अपनी चमक बढ़ाता रहा। यही वजह है कि यह आज दुनिया में क्रिकेट का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन बन गया है। एक ऐसा आयोजन, जिस पर न केवल दुनिया भर के क्रिकेटरों और क्रिकेट प्रेमियों की बल्कि वित्तीय जगत के दिग्गजों की भी नजरें टिकी होती हैं। अब तक आठ टीमों के साथ 60 मैचों के आयोजन का यह इवेंट 15वें सीजन से दस टीमों के साथ 74 मैचों का होने जा रहा है। उम्मीद की जाए कि इसकी कामयाबी बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट को ही नहीं पूरी दुनिया में क्रिकेट के इकोसिस्टम को भी मजबूती देगी प्रश्न बोधगया कहाँ स्थित है

क्रिकेट में धर्म का मर्ज तो बहुत पुराना है...

पीयूष पांडे

ये अक्टूबर 2016 की बात है, जब कोलकाता में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच चल रहा था। टेस्ट मैच के दौरान मोहम्मद शमी की नन्ही बेटी को सांस लेने की इतनी तकलीफ हुई कि उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया। मोहम्मद शमी ने इस बात की भनक भी टीम के सदस्यों को नहीं लगने दी और गेंदबाजी के मोर्चे पर शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेट लिए। भारत मुकाबला भी जीता और टेस्ट की नंबर-1 टीम का तमगा भी हासिल किया। लेकिन, अब टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मुकाबले में हार के बाद मोहम्मद शमी को एक बड़े तबके ने विलेन करार दे दिया। क्या सिर्फ इसलिए क्योंकि यह मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ था और शमी मुस्लिम हैं सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स ने शमी को 'गद्दार' तक कहा और उन्हें टीम से बाहर करने की मुहिम छेड़ दी। ट्विटर पर हैशटैग शमी टॉप ट्रेंड में शुमार हो गया और एक गैरजरूरी बहस मुख्यधारा की बहस में तब्दील हो गई। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मैच में पूरी टीम इंडिया सिरे से फेल हुई, लेकिन जिस तरह हार का ठीकरा शमी के सिर फोड़ने की कोशिश हुई, उसने क्रिकेट के खेल में घुले धर्म और सांप्रदायिकता के रंग को फिर सतह पर ला दिया। लेकिन, मसला सिर्फ मोहम्मद शमी का नहीं है। सवाल है कि क्या आजादी से पहले और बाद में क्रिकेट को महज खेल रहने दिया गया और, जब राजनीति के साए में क्रिकेट की पिच पर धर्म, सांप्रदायिकता, बंटवारे की बैटिंग शुरू से होती रही है तो दोष किसे दिया जाए आजादी से पहले की बात करें तो 1890 से 1946 के बीच मुंबई में पंचकोणीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता था। इस टूर्नामेंट में खेलने वाली पांचो टीमें धर्म के आधार पर तय की गई थीं। हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी और अन्य धर्म के नाम से पांच टीमें एक लिहाज से क्रिकेट के जरिए अपने धर्म के सर्वोच्च होने की लड़ाई भी लड़ती थीं। आजादी के बाद पहली बार जब भारत और पाकिस्तान के बीच खेल शुरू हुआ तो दोनों देशों के प्रबुद्ध लोगों और मीडिया में उम्मीद जताई गई कि खेल को खेल भावना से खेला जाएगा और क्रिकेट के जरिए दोनों देशों के बीच संबंध सुधरेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। 1952 के अक्टूबर-दिसंबर में जब पाकिस्तान की टीम पांच टेस्ट मैच के दौरे के लिए आई तो नागपुर में टीम का वास्ता 'पाकिस्तान की मौत' और 'पाकिस्तान वापस जाओ' के उन नारों से हो गया, जिसकी कल्पना उसने नहीं की थी। हिंदू महासभा ने मुकाबले से पहले स्टेडियम के बाहर धरना-प्रदर्शन का ऐलान करते हुए पूर्वी पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहे व्यवहार के खिलाफ पाकिस्तानी टीम से वापस लौटने की मांग कर डाली। हालात बिगड़ ना जाएं, इसलिए मैच की सुबह हिंदू महासभा अध्यक्ष डॉ. एन.बी. खरे को निवारक नजरबंदी कानून के तहत गिरफ्तार कर नागपुर केंद्रीय जेल भेज दिया गया। इसके बाद कलकत्ता टेस्ट मैच के पहले दिन भी हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने ईडन गार्डन्स के बाहर जमकर नारेबाजी की।

इन घटनाओं से एक बात साफ है कि क्रिकेट पर राजनीति का साया पहले द्विपक्षीय दौरे के वक्त से रहा है। खिलाड़ियों ने अपनी तरफ से स्थिति संभालने की कोशिश जरूर की, लेकिन कामयाब नहीं हुए। पाकिस्तान की टीम दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट और निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर भी गई। लेकिन, पाकिस्तान के चर्चित समाचारपत्र 'डॉन' में सांप्रदायिक सौहार्द से जुड़ी यह महत्वपूर्ण खबर आखिरी पेज के कोने में सिमट गई। जबकि, उसी दिन कराची में 'अधिकृत कश्मीर की स्वतंत्रता के संघर्ष' शीर्षक के साथ मुस्लिम लीग के आंदोलन की खबर को पहले पेज की मुख्य खबर बनाया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट की जड़ों को खोदा जाए तो उसमें सांप्रदायिक बू कई मौकों पर उठती दिखती है। 1960 के दशक में पाकिस्तान की टीम भारत आई तो महान पाकिस्तानी खिलाड़ी मोहम्मद हनीफ ने एक प्रशंसक से हाथ मिलाने के लिए ट्रेन से हाथ बाहर निकाला। लेकिन, प्रशंसक हमलावर निकला। उसने धारधार ब्लेड से हनीफ के हाथ पर वार कर दिया। दिलचस्प यह कि मोहम्मद शमी आज जिस आरोप से दो-चार हुए, वैसे आरोप उस दौर में भी खिलाड़ियों पर लगे, जब सोशल मीडिया का अता-पता नहीं था। 1960-61 के पाकिस्तान दौरे के वक्त भारतीय टीम के मुस्लिम खिलाड़ी अब्बास अली बेग खराब प्रदर्शन के बाद सांप्रदायिक तत्वों के हमलों का शिकार हुए। इन लोगों ने एक तरफ अब्बास अली बेग को खत लिखे कि वह जानबूझकर पाकिस्तान की टीम के सामने विकेट गंवा रहे हैं, तो दूसरी तरफ चयन समिति को लिखा कि टीम से 'मुस्लिम समर्थक खिलाड़ी' को फौरन ड्रॉप किया जाए। अब्बास अली बेग तीन टेस्ट में कुल 50 रन भी नहीं बना पाए थे, लिहाजा चयन समिति ने चौथे टेस्ट में उन्हें ड्रॉप कर दिया और इस दौरे के बाद उनका करियर लगभग खत्म हो गया था। इक्का दुक्का मौकों को छोड़कर पाकिस्तान की टीम में हिंदू खिलाड़ी कभी रहे नहीं तो भेदभाव के आरोप खिलाड़ियों की तरफ से नहीं लगे, लेकिन भारत में मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे बड़े खिलाड़ी भी यह गंदा खेल खेलने से नहीं चूके। अजहरुद्दीन पर जब मैच फिक्सिंग के आरोप लगे तो उन्होंने मुस्लिम कार्ड खेलते हुए खुद को विक्टिम बताया। दरअसल, उदाहरण कई तरह के हैं, और हर उदाहरण बताता है कि क्रिकेट में धर्म अरसे से घुला-मिला हुआ है। इस खेल को खेल बनाए रखने की कुछ जिम्मेदारी राजनेताओं की भी थी, लेकिन दुर्भाग्य से क्रिकेट कूटनीति के नाम पर दोनों देशों के राजनेताओं ने इसे खेल से 'कुछ अधिक' बनाए रखा। नतीजा यह कि एक बड़े तबके के बीच संदेश यही गया कि क्रिकेट फकत खेल नहीं, एक तरह का युद्ध भी है। और युद्ध में किसी को भी जीत से कम कुछ भी मंजूर नहीं होता।

सोशल मीडिया को नफरती मंच में बदलने की साजिश को विफल करना होगा

ललित गर्ग

फ़ेसबुक के संस्थापक-सीईओ मार्क ज़करबर्ग ने कहा था कि ड्ढफ़ेसबुक के इतिहास में भारत का बहुत महत्व है। कंपनी जब बुरे दौर से गुज़र रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज़ (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी।

आजकल फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक एवं राष्ट्र-विरोधी होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी ओछी हरकतें करने के लिये तत्पर रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है।

फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब पर पांव पसार रही हैं देश को तोड़ने की साजिशें एवं जनता के दिलों में दरारें डालने की उच्छृंखलताएं। इन राष्ट्र-विरोधी विध्वंसात्मक उपक्रमों, नफरत फैलाने वाले भाषणों, तोड़मोड़ कर प्रस्तुत करते घटनाक्रमों, हिंसा एवं साम्प्रदायिकता पर जश्न मनाने और भ्रामक सूचनाएं परोसने की जैसे होड़-सी लग गई है। यह तथ्य खुद फेसबुक और कुछ अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने अपने अध्ययन के बाद प्रकट किए हैं। अध्ययनकर्ताओं ने दो साल पहले फेसबुक पर खाते खोले और लगातार नजर बनाए रखी कि इस मंच पर भारत में कैसी सामग्री परोसी जा रही है। वे देख कर हैरान हो गए कि उनमें भ्रामक सूचनाओं और नफरत फैलाने वाले विचारों का अंबार लगा हुआ है। हालांकि फेसबुक का दावा है कि वह किसी आपत्तिजनक सामग्री को प्रकाशित नहीं करता, ऐसा करने वालों को तुरंत चेतावनी भेजता और सामग्री को रोक देता है। प्रशन है कि फेसबुक की यह व्यवस्था यहां क्यों फेल हो गयी कहीं खुद फेसबुक ऐसी नफरत की आंधी को सर्वव्यापी बनाने के लिये जिम्मेदार तो नहीं है कहने को ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक सामाजिक मेल-जोल के मंच कहे जाते हैं, लेकिन इन मंचों पर जितनी राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक नफरत एवं द्वेष फैलाया जा रहा है, वह चिन्ताजनक हैं। फेसबुक के आंतरिक दस्तावेज़ों के मुताबिक़ फेसबुक भारत में भ्रामक सूचना, नफ़रत वाले भाषण और हिंसा को लेकर जशन मनाने वाले कंटेंट को रोक नहीं पा रहा है, पर बड़ा सवाल है कि वह क्यों नहीं रोक पा रहा है क्या यह भारत के खिलाफ एक षड्यंत्र का संकेत है प्रशन यह भी है कि इस प्रकार की भ्रामक, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक एवं नफरत-द्वेष फैलाने की नीति से किसका हित सध रहा है विचित्र है कि भारत में ऐसी प्रवृत्तियां तेजी से बढ़ी हैं। सच्चाई यह है कि भारत की कुल 22 भाषाओं में से केवल पांच में फेसबुक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए ऐसी सामग्री की जांच एवं विश्लेषण किया जाता है। यहां तक कि हिंदी और बांग्ला जैसी बड़ी भाषाओं में भी परोसी जाने वाली सामग्री का विश्लेषण करने का कोई उपाय उसके पास नहीं है। जाहिर है, इससे उपद्रवी और संकीर्ण मानसिकता के लोगों को एक खुला मैदान मिल गया है, जो देश की शांति एवं सौहार्द की स्थितियों को खंड-खंड करना चाहते हैं या अपने संकीर्ण स्वार्थों को आकार देना चाहते हैं। इन भ्रामक सूचनाओं के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने की साजिश भी होती रही है। फ़ेसबुक के संस्थापक-सीईओ मार्क ज़करबर्ग ने कहा था कि ड्ढफ़ेसबुक के इतिहास में भारत का बहुत महत्व है। कंपनी जब बुरे दौर से गुज़र रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज़ (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी। वहाँ से लौटकर मुझे आत्मबल मिला और कंपनी सफल होती गई। इसलिये भारत उनकी 'लिस्ट' में ऊपर है। अभी ठीक एक साल पहले फिर ज़करबर्ग ने अपनी भारत यात्रा के दौरान इशारा किया था कि उनका इरादा ग़रीब लोगों तक इंटरनेट पहुँचाने का है। फ़ेसबुक ने भारत में लोकप्रियता की एक नई मिसाल कायम की थी। लेकिन जिस भारत ने फेसबुक को नया जीवन दिया, क्या वह उस देश की अखण्डता को तोड़ने का जिम्मेदार होना चाहेगा ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक जैसे सोशल मंचों का विकास इस उद्देश्य से किया गया था कि उनके जरिए लोग आपस में संपर्क बनाएं, स्वस्थ और स्वतंत्र विचार प्रकट कर सकें और आपसी सौहार्द स्थापित कर सकें। भारत की प्रगति से ईर्ष्या करने वाली शक्तियों एवं राजनीतिक दलों ने इसे अपने प्रचार एवं तथाकथित संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बना डाला। भारत में शायद ही कोई राजनीतिक दल हो, जिसके फेसबुक पर आधिकारिक खाते न हों। अधिकारिक खाते होने में कोई त्रुटि नहीं है, पर जब उनके समर्थकों, कार्यकर्ताओं ने फर्जी नामों से खाते बना कर अपने दलगत आक्रामक विचार प्रकट करने शुरू किए, तो वातावरण दूषित एवं हिंसक होता गया। फिर तो न सिर्फ वहां दलगत मतभेद उभरने शुरू हो गए, राजनीतिक स्वार्थ सामने आने लगे। एक दल द्वारा दूसरे दल का विरोध करना, उसे नीचा दिखाना, उसकी प्रगति में बाधा उपस्थित करना एवं सफलता के नये कीर्तिमान गढ़ने वाले दलों का मनोबल गिराना आम बात हो गयी। उनकी इन बनावटी, भ्रामक एवं झूठी सूचनाओं का पर्दाफाश होता है तो एक भी मुद्दा ऐसा नहीं मिलता जो तथ्यपरक, सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलू का स्पर्श करता हो।

भोजन के बाजार में भुखमरी

चैतन्य नागर

हमारी दुनिया एक साथ प्रचुरता और अभाव दोनों की समस्याओं से जूझ रही है। दो अरब लोगों के पास पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं और एक अरब से ज्यादा लोग ज्यादा खाकर बीमार पड़ते हैं या जंक फुड खा-खाकर मर जाते हैं। अपने पर्यावरणीय, आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक आयामों के साथ भोजन हमारे समय के सबसे गंभीर मुद्दों में से है। कोविड काल में यह और भी स्पष्ट हो गया है। भौतिक देह को अंतिम सत्य मानने वाला 'चार्वाक दर्शन' कहता है : 'परान्नं प्राप्य दुर्बुद्धे, मा प्राणेषु दयां कुरु, परान्नं दुर्लभं लोके, प्राणः जन्मनि जन्मनि।' इसका अर्थ है कि शरीर तो बार-बार जन्म लेगा, उस पर दया करना मूर्खता है। दूसरों का अन्न दुर्लभ है और उसे पाने का अवसर नहीं चूकना चाहिए। 'लोकायत' दार्शनिकों ने ऋण लेकर घी पीने की हिदायत दी थी, क्योंकि 'क्षणभंगुर जीवन में घी पीने से बड़ा सुख और कोई नहीं। पेड़-पौधों समेत जीव-जंतुओं की कोई प्रजाति सही भोजन के बिना नहीं जी सकती, पर सामाजिक अन्याय और भेदभाव की आग में जलती अन्यायपूर्ण, प्रेमविहीन हमारी विराट दुनिया में, जहां एक तरफ अनगिनत लोगों के लिए मुट्ठी भर चना भी उपलब्ध नहीं और दूसरी ओर धनलोलुप बाजार को आकर्षक पैकिंग में 'सुपर-फुड' बेचने से फुर्सत नहीं। 'वर्ल्ड फुड प्रोग्राम' को इस वर्ष का 'नोबेल शांति पुरस्कार' मिला है। यह खाद्य सुरक्षा के प्रश्न का महत्व दर्शाता है। दुनिया में खाऊपन के कारण मरे जा रहे पेटार्थी भी हैं, और दो-दो रोटी को तरसते करोड़ों लोग भी। 'विश्व खाद्य कार्यक्रम' धरती से भूख खत्म करने के लिए काम करता है। उसने 2015 में 88 देशों के करीब 10 करोड़ ऐसे लोगों की मदद की जो भूख और खाद्य असुरक्षा के शिकार थे। इसके प्रयासों के बावजूद भूखों की संख्या 2019 में बढ़कर 13 करोड़ 50 लाख हो गई। ज्यादातर भूखे लोग उन देशों में रहते हैं जहां युद्ध और सशत्र संघर्ष होते रहते हैं। कुटिल राजनीति, युद्ध की क्रूरता, वैचारिक असंवेदनशीलता पहले युद्ध के हालात बनाती है, पीड़ितों को भुखमरी तक पहुंचाती है और उसके बाद भूखों के लिए काम करने वालों के लिए 'नोबेल पुरस्कार' का ऐलान करती है! यह हमारा ही रचा हुआ अद्भुत जाल है।

'संयुक्त राष्ट्र संघ' का 'खाद्य एवं कृषि संगठन' भुखमरी, कुपोषण और मोटापे की मौजूदा समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करता है। यह भूखों की मदद करता है। हमारी दुनिया एक साथ प्रचुरता और अभाव दोनों की समस्याओं से जूझ रही है। दो अरब लोगों के पास पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं और एक अरब से ज्यादा लोग ज्यादा खाकर बीमार पड़ते हैं या जंक फुड खा-खाकर मर जाते हैं। अपने पर्यावरणीय, आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक आयामों के साथ भोजन हमारे समय के सबसे गंभीर मुद्दों में से है। कोविड काल में यह और भी स्पष्ट हो गया है।

'ऑक्सफैम' की जुलाई 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक यदि तुरंत कोई उपाय नहीं किए गए तो भुखमरी वायरस की तुलना में ज्यादा लोगों की जानें ले लेगी। रिपोर्ट बताती है 'वैश्विक महामारी करोड़ों लोगों के लिए ताबूत की आखिरी कील साबित होगी। ऐसे ही लोग 'क्लाइमेट परिवर्तन,' असमानता और एक विखंडित खाद्य प्रणाली से जूझ रहे हैं।' गौर करें कि भूख का कारण अन्न का अभाव नहीं, अन्याय है। गलत नीतियां और असंवेदनशीलता है। गौरतलब है कि सेहत के लिए उपयोगी कहे जाने वाले आहार को अब कई तरह से परिभाषित किया जा रहा है। प्राकृतिक भोजन, जड़ी-बूटियां, खनिज, विटामिन की दवाइयां, सप्लीमेंट और अब सुपरफुड के रूप में उनका नवीनतम चेहरा हमारे सामने है। इस नामकरण का कोई कानूनी या वैज्ञानिक आधार नहीं है। अलग-अलग संस्कृतियों के लिए भोजन का अर्थ भी अलग है। वुहान (चीन) के 'वेट मार्केट' में बिकने वाला भोजन हमारे यहां खाने की चीज़ ही नहीं है और इसी तरह उत्तरप्रदेश और बिहार में रोज खाए जाने वाले भोजन को नगालैंड और मेघालय में विचित्र समझा जायेगा। किसी 'वीगन' के लिए दूध और उससे बनी चीजें वैसी ही हैं जैसी शाकाहारी के लिए मांस है, पर इन सभी विरोधाभासी बातों के बीच यहां समझने की कोशिश करते हैं कि कैसे 'सुपर फुड' के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

बेंगलुरु में रहने वाले 'पोषण एवं आहार विशेषज्ञ' संजीव शर्मा मानते हैं कि 'सुपर फुड' इन दिनों बड़ा अन्धविश्वास बने हुए हैं। 'सुपर फुड' को ऐसे भोजन के रूप में विज्ञापित किया जाता है मानो उनसे मोटापा, खनिज वगैरह की कमी, रक्तचाप, थायरॉइड, मधुमेह जैसी बीमारियां रफूचक्कर हो जाएंगी। संजीव बताते हैं कि 'बाजार की कृपा' से लहसुन से लेकर सिरका, किनोआ, हल्दी, मेथी और ऑलिव आयल, अलसी, तरबूज, खरबूज के बीज और नारियल तेल- ये सभी 'सुपर फुड' की श्रेणी में आ गए हैं। दुनिया में सबसे अधिक बिकने वाले 'सुपर फुड' में इन दिनों मटर, अदरख, हल्दी, जई, जौ और काबुली चना शामिल हैं। इसके अलावा फुड सप्लीमेंट भी हैं। संजीव कहते हैं कि यह जानने के लिए हमें विशेषज्ञ बनने की दरकार नहीं कि जब तक कारण मौजूद रहेगा, उसका असर भी देह पर आएगा ही। नींबू से कोई पतला होने से रहा और मेथी दाने से मधुमेह जाने से रहा। सेहत के लिए जीवन शैली में बड़ा बदलाव लाना जरूरी है, न कि 'सुपर फुड' खाना। 'सुपर फुड' के विज्ञापन आम जनता को बुरी तरह गुमराह कर रहे हैं। साधारण से दिखने वाले कुट्टू का आटा, जिसका उपयोग लोग व्रत में करते हैं, अब 'बकवीट' के अंग्रेजी नाम से 'सुपर फुड' में तब्दील हो गया है। जई जो कि सबसे पुराना अनाज है, ओट्स के अवतार में स्टेट्स का प्रतीक बन गया है। कभी आम आदमी की थाली से हल्दी, लहसुन जैसी चीज़ें गायब होकर अचानक 'सुपर फुड' बनकर ग्राहकों के बीच मारामारी का कारण बन जाएं तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए! कइयों को गेहूं के ग्लूटेन से एलर्जी है। गेहूं की ज्यादातर किस्में खत्म हो चुकी हैं और दस हजार साल पहले उगाया गया यह अनाज पिछले कुछ वर्षों से एक खास वर्ग के लिए त्याज्य बन चुका है। कई रसोईघरों में गेहूं की वेदना का फायदा उठाते हुए बाजरा, रागी, जौ, जई और चना तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं। कई तरह के अनाज से बनने वाली 'मल्टी ग्रेन' रोटी खाने वाले गर्व के साथ चलते हैं, क्योंकि आहार के मामले में यह उनकी बोधिप्राप्त दशा को दर्शाती है। नवउदारवाद की भाषा कारोबार और विज्ञापन की भाषा है और सुन्दरता बढ़ाने के अपने नारों से वह स्त्रियों को ज्यादा लुभाने की कोशिश करता है। खासकर गृहणियों को, जो सेहत के प्रति जागरूक हैं और आहार के बारे में पारिवारिक निणर्यों के केंद्र में भी होती हैं। गौरतलब है कि किसी भी 'सुपर फुड' का इस्तेमाल एक चिकित्सकीय औषधि की तरह नहीं किया जाना चाहिए। कई 'सुपर फुड' के बारे में दावे किये जाते हैं कि वे कैंसर का इलाज हैं! मार्केटिंग की दुनिया में 'सुपर फुड' का सीधा अर्थ है, ऐसा भोजन जिसकी सुपर-बिक्री होती हो। 'नीलसन' के एक सर्वे के मुताबिक यदि लोगों को भरोसा हो जाए कि कोई खास भोजन स्वास्थ्य के लिए अच्छा है तो वे उसकी ज्यादा कीमत देने के लिए तुरंत तैयार हो जाते हैं। 'सुपर फुड' के दीवानों को यह समझने की जरूरत है कि शरीर को सिर्फ एक तरह के बीज, रेशे और खास तरह के अनाज की नहीं, बल्कि कई तरह के खनिज, सूक्ष्म खनिज और विटामिन की भी दरकार है। संजीव कहते हैं कि बेहतर यही है कि हम अलग-अलग रंग के फल और सब्जियां खाएं, क्योंकि उनमें से हरेक में खास खनिज और विटामिन होते हैं।

संजीव 'इन्द्रधनुषी भोजन' लेने की वे सलाह देते हैं। उनके अनुसार यदि आप सलाद खाते हैं, तो कोशिश करें कि उनमें इन्द्रधनुष के सभी रंग हों। डिब्बाबंद सब्जियां और फल से दूर रहने की सलाह है, क्योंकि उनमें नमक या चीनी की मात्रा अधिक हो सकती है। आहार विशेषज्ञ बिना पोषण के खाली कैलरी लेने के खिलाफ हैं। उदाहरण के लिए कोक या कोई और कोल्ड ड्रिंक में न ही खनिज होता है, न विटामिन और न ही रेशे या फाइबर। इसे 'एम्प्टी कैलरी' या 'डर्टी कैलरी' कहा जाता है क्योंकि यह सिर्फ वज़न बढ़ाता है। भोजन के प्रति जागरूकता बहुत छोटी उम्र से ही जरूरी है। आम तौर पर दाल, रोटी, सब्जी और चावल का भारतीय भोजन बहुत ही पोषक और उम्दा होता है। प्रोटीन की कमी को तरह-तरह के बीजों और सूखे मेवे से या फिर चने और दालों से पूरा किया जा सकता है। अंडे भी प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं और अब जर्दी भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाली नहीं मानी जाती, जैसा कि पहले माना जाता था। आहार के संबंध में स्कूलों में ही जानकारी दी जानी चाहिए, क्योंकि शारीरिक सेहत के अलावा यह मन की सेहत भी बनाता-बिगाड़ता है। इसे लेकर शिक्षकों, अभिभावकों सभी को सामान रूप से सजग रहने की जरूरत है।

'पढ़ेगा' तभी तो आगे बढ़ेगा देश

निशिकांत ठाकुर

पिछले दिनों एक साक्षात्कार में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अशिक्षित वर्ग के लोगों को देश पर एक बोझ बताया। गृह मंत्री ने कहा, एक अनपढ़ व्यक्ति अच्छा नागरिक कभी नहीं बन सकता, क्योंकि उसे अपने मौलिक अधिकारों तक की जानकारी नहीं होती। गृह मंत्री ने बिना लाग–लपेट के यह बात कहकर देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। राजनीतिक स्तर पर विपक्षी दल इसकी कटु आलोचना कर रहे हैं। सच तो यह है उन्होंने यह सच ही कहा है, लेकिन यहां प्रशन यह है कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है राज्य सरकार, केंद्र सरकार या वह अशिक्षित व्यक्ति, जो सरकार द्वारा प्रदत्त समस्त सुविधाएं छोड़कर अशिक्षित रहकर अपमानित जीवन जीना स्वीकार कर लिया जिसे अपने मौलिक अधिकारों तथा संविधान तक का ज्ञान नहीं है

हमारे देश में लोकतंत्र है, जहां प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि सरकार उसकी मदद करे। वह इसलिए क्योंकि हम विकसित नहीं हो सके, क्योंकि विकास का पैमाना ही शिक्षा है। सच में हमारी शिक्षा व्यवस्था उस तरह की बनाई ही नहीं की गई जिस तरह की जरूरत भारतीय समाज को थी। हम जात–पात की राजनीति में उलझे रहे, हम उलझे रहे हिंदू-मुसलमान में, हम उलझे रहे तथाकथित गरीबी हटाने में, लेकिन हमने शिक्षा के गिरते स्तर पर कभी ध्यान ही नहीं दिया। लेकिन, क्या हम इस बात का ही रोना रोते रहें कि आजादी के बाद से ही इसपर ध्यान नहीं दिया गया क्या हम लकीर पीटते रहें कि पूर्ववर्ती सरकारों के कारण ही शिक्षा का स्तर गिरता रहा प्रश्न यह है कि हमने या यूं कहिए कि हमारी सरकार ने उसमें सुधार के लिए क्या किया। देश की शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए, शिक्षा के लिए पलायन करने वाले छात्रों को रोकने के लिए क्या किया प्रशन बहुत हैं, लेकिन इन प्रशनें से समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। इसी प्रक्रिया में अपने देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षा स्तर के समझने के लिए प्रयास किया और जो जानकारी मिली सच में वह चौंकाने वाली है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के सर्वेक्षण के अनुसार भारत में साक्षरता के मामले में केरल एक बार फिर पहले पायदान पर रहा है, जबकि आंध्र प्रदेश सबसे निचले स्थान पर है। सर्वेक्षण के अनुसार केरल में साक्षरता दर 96.2 प्रतिशत, जबकि आंध्र प्रदेश 66.4 प्रतिशत है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75वें दौर के तहत जुलाई 2017 से जून 2018 के बीच 'परिवारिक सामाजिक उपभोग : भारत में शिक्षा' पर आधारित इस रिपोर्ट में सात साल या उससे अधिक आयु के लोगों के बीच साक्षरता दर की राज्यवार जानकारी दी गई है। सर्वेक्षण के अनुसार केरल के बाद दिल्ली 88.7 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तराखंड 87.6 प्रतिशत के साथ तीसरे, हिमाचल प्रदेश 86.6 फीसदी के साथ चौथे और असम 85.9 प्रतिशत के साथ पांचवे स्थान पर है। दूसरी ओर राजस्थान 69.7 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ सबसे पिछड़े राज्यों में दूसरे स्थान पर है। इसके ऊपर बिहार 70.9, तेलंगाना 72.8 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश 73 प्रतिशत और मध्य प्रदेश 73.7 प्रतिशत है। सर्वेक्षण के अनुसार देश की साक्षरता दर 77.7 प्रतिशत है। देश के ग्रामीण इलाकों की साक्षरता दर जहां 73.5 प्रतिशत है, वहीं शहरी इलाकों में यह दर 87.7 प्रतिशत है। राष्ट्रीय स्तर पर पुरुषों की साक्षरता दर 84.7 प्रतिशत, जबकि महिलाओं की साक्षरता दर 70.3 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सभी राज्यों में पुरुषों की साक्षरता दर महिलाओं से अधिक है। केरल में पुरुषों की साक्षरता दर 97.4 प्रतिशत, जबकि महिलाओं की साक्षरता दर 95.2 प्रतिशत है। इसी प्रकार, दिल्ली में पुरुषों की साक्षरता दर 93.7 प्रतिशत, जबकि महिलाओं की यह दर 82.4 प्रतिशत है। साक्षरता दर के मामले में पिछड़े राज्यों में भी पुरुषों और महिलाओं की साक्षरता दर में अच्छा-खासा अंतर है। आंध्र प्रदेश में पुरुषों की साक्षरता दर 73.4 प्रतिशत है जबकि महिलाओं (सात साल या उससे अधिक आयु)की साक्षरता दर 59.5 प्रतिशत है। राजस्थान में पुरुषों की साक्षरता दर जहां 80.8 प्रतिशत है, वहीं महिलाओं की साक्षरता दर 57.6 प्रतिशत है। बिहार में भी पुरुषों की साक्षरता दर महिलाओं से अधिक है। बिहार में जहां 79.7 प्रतिशत पुरुष साक्षर हैं, वहीं 60 प्रतिशत महिलाएं पढ़ी-लिखी हैं। सर्वे के दौरान देशभर से 8,097 गांवों से 64,519 ग्रामीण परिवारों और 6,188 ब्लॉक से 49,238 शहरी परिवारों के सैंपल लिए गए थे। सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चार प्रतिशत ग्रामीण परिवारों और 23 प्रतिशत शहरी परिवारों के पास कंप्यूटर है। रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण इलाकों में 15 से 29 साल तक की उम्र के लगभग 24 प्रतिशत, जबकि शहरी इलाकों में 56 प्रतिशत लोग कंप्यूटर चला सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वे से 30 दिन पहले 15 से 29 साल के बीच के लगभग 35 प्रतिशत लोग इंटरनेट चला रहे थे।

बांग्लादेश को लगा तगड़ा झटका, तेज गेंदबाज मोहम्मद सैफुद्दीन टी-20 वर्ल्ड कप से हुए बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मोहम्मद सैफुद्दीन कमर में दर्द की वजह से आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अब तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। टीम के अधिकारियों के मुताबिक सैफुद्दीन ने श्रीलंका के खिलाफ पिछले मुकाबले में कमर के बाएं हिस्से में दर्द के बारे में बताया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मीडिया एवं संचार के वरिष्ठ प्रबंधक रबीद इमाम ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'बांग्लादेश लौटने के बाद हम उनकी चोट की गंभीरता को समझेंगे, लेकिन अब क्योंकि वह टूर्नामेंट में वापसी नहीं कर सकते हैं, इसलिए हमने एक रिप्लेसमेंट खिलाड़ी का विकल्प चुना है। आईसीसी की टी-20 वर्ल्ड कप 2021 की तकनीकी समिति ने रुबेल को सैफुद्दीन के रिप्लेसमेंट के तौर पर बंगलादेश टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी है। गौरतलब है है कि 2019 वर्ल्ड कप में भी सैफुद्दीन की पीठ में समस्या रही थी और उन्होंने खेलने के लिए दर्द से राहत देने वाला कोर्टिसोन इंजेक्शन लिया था।

जेसन रॉय के आगे किसी की न चली, इग्लैंड को बांग्लादेश को 8 विकेट से रौंदा

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड ने शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय (61) की फिफ्टी से आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर 12 राउंड के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पिछले मैच में वेस्टइंडीज पर शानदार जीत दर्ज करने वाली इंग्लैंड की टीम ग्रुप एक के प्वॉइंट टेबल में चार प्वॉइंट्स लेकर पहले स्थान पर है। इंग्लैंड की गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। प्लेयर ऑफ द मैच जेसन रॉय और जोस बटलर ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। जेसन रॉय ने 38 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जडि़त अर्धशतकीय पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम ने हालांकि जोस बटलर (18) का विकेट पावरप्ले में 39 रनों पर ही गंवा दिया था। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 50 रन था। लेकिन टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों ने टीम की जीत सुनिश्चित की। जेसन रॉय और डेविड मलान के बीच दूसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 73 रन की पार्टनरशिप बनी। यह पार्टनरशिप 13वें ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने तोड़ी। डेविड मलान 25 गेंद में तीन चौके से 28 रन और जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश के लिए मुशिफकुर रहीम 29 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे, जबकि कप्तान महमूदुल्लाह ने 19 रन का योगदान दिया। आखिर में नासुम अहमद ने नौ गेंद में दो छक्के और एक चौके से नाबाद 19 रन बनाकर बांग्लादेश को 124 रन तक पहुंचाने में मदद की। इंग्लैंड के लिए फिर ऑलराउंडर मोईन अली ने पावरप्ले में दो विकेट झटके, उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट चटकाये। टाइमल मिल्स ने आखिरी ओवर में दो खिलाडि़यों को आउट कर अपने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।लियाम लिविंगस्टोन ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि क्रिस वोक्स ने चार ओवर में महज 12 रन दिए और एक विकेट भी झटका। वेस्टइंडीज को पिछले मैच में 55 रन पर समेटने वाली इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस मैच में भी वैसा ही प्रदर्शन जारी रखा। बांग्लादेश ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट तीसरे ओवर में गंवा दिए। लिटन दास (09) ने मोईन अली पर पहले ओवर में दो चौके लगाकर 10 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत कराई थी, पर वह इसी गेंदबाज के दूसरे ओवर में स्वीप करने के प्रयास में लिविंगस्टोन को आसान कैच देकर आउट हो गए और अगली ही गेंद को उनके साथी मोहम्मद नईम (05) सही टाइमिंग नहीं कर सके और मिडऑन पर आसान कैच देकर पवेलियन पहुंचे। बांग्लादेश ने 14 रन पर दो विकेट खो दिए।छठे ओवर में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन (04) क्रिस वोक्स की धीमी गेंद को फाइन लेग पर ऊंचा खेलने के प्रयास में गलती कर बैठे, पर आदिल राशिद ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की।

गेंदबाजों के दबदबे वाले मैच में नामीबिया ने मारी बाजी, स्कॉटलैंड को 4 विकेट से हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। आइसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के 21वें मुकाबले में आज स्कॉटलैंड का सामना नामीबिया से हो रहा है। ये मुकाबला अबु धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। 110 रनों के लक्ष्य को नामीबिया ने 19.1 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। नामीबिया की तरफ से जेजे स्मिट ने नाबाद 32 रनों की पारी खेली। स्कॉटलैंड की तरफ से माइकल लीस्क ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। इससे पहले स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 109 रन बनाए। स्कॉटलैंड की तरफ से माइकल लीस्क ने 27 गेंदों में 44 रन बनाए। नामीबिया की तरफ से तेज गेंदबाज रुबेन ट्रम्पेलमैन ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए।

छोटे से देश नामीबिया के रुबेन ट्रंपलमैन का बड़ा धमाका, 1 ही ओवर में झटके 3 विकेट

नई दिल्ली (एजेंसी)। नामीबिया के तेज गेंदबाज रुबेन ट्रंपलमैन ने बुधवार को स्कॉटलैंड के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस करते हुए एक ही ओवर में एक नहीं, दो नहीं, बल्कि तीन-तीन विकेट झटक लिए। खास बात यह है कि यह उनका पारी का पहला ही ओवर था। करियर का छठा मैच खेल रहे ट्रंपलमैन ने अपने करियर की बेस्ट बॉलिंग करते हुए 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने इस दौरान स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुंसे, कैलम मैकलियोड और फिर कप्तान रिची बैरिंगटन को पवेलियन की राह दिखाई। उनके इस शानदार प्रदर्शन की वजह से स्कॉटलैंड निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 109 रन ही बना सका। ट्रंपलमैन के अलावा जेन फ्राइलिंक ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में मात्र 10 रन देकर दो विकेट हासिल किए। टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में यह सिर्फ दूसरा मौका है, जब किसी गेंदबाज ने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाए हैं।

इससे पहले जून 2019 में पहले शोएब अख्तर, यासिर अराफात, एंजेलो मैथ्यूज और वेस्टइंडीज के फिडेल एडवर्ड्स यह कारनामा कर चुके हैं। नामीबिया के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इससे लगता है कि स्कॉटलैंड की पारी में सिर्फ सात चौके और दो छक्के लगे। स्कॉटलैंड का कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे माइकल लीस्क 44 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। उनके अलावा क्रिस ग्रीव्स ने 25 और सलामी बल्लेबाज मैथ्यू क्रॉस ने 19 रनों की पारी खेली। ट्रंपलमैन की गेंदबाजी की एक खासियत यह भी रही कि उन्होंने जो तीन विकेट हासिल किए, उन दौरान कोई भी बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खो सका।

वीरेंद्र सहवाग ने बताया, कौन सी टीम बनेगी टी-20 वर्ल्ड कप की चैंपियन

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैचों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को मात दी थी। इसके बाद लग रहा था कि विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया वर्ल्ड कप में धमाकेदार प्रदर्शन करेगी। लेकिन टीम इंडिया को अपने पहले मैच में पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार मिली। इसके बाद पाकिस्तान ने मंगलवार को अपने दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मजबूत दावेदारी पेश की। लेकिन भारत के पूर्व कप्तान वीरेंद्र सहवाग का अब भी मानना है कि टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम कर सकती है। उन्हें कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया पर भरोसा है।

सानिया मिर्जा के पापा ने एमएस धोनी और शोएब मलिक के बीच की तुलना, शेयर किया दोनों के आंकड़ों का अजब संयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के अनुभवी ऑलराउंडर शोएब मलिक ने मंगलवार को यूएई और ओमान में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप के एक अहम मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कीवी टीम के खिलाफ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए उस समय 26 रनों की नाबाद पारी खेली, जब टीम मुश्किल में फंसती नजर आ रही थी। उन्होंने आसिफ अली संग मिलकर छठे विकेट के लिए 3.5 ओवर में 48 रन जोड़े और टीम को लगातार दूसरी जीत दिलाई। उनके इस प्रदर्शन के बाद उनके ससुर यानी सानिया मिर्जा के पापा इमरान मिर्जा ने एक पोस्ट शेयर करते हुए उनकी भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी संग तुलना की है और अजब संयोग बताया है।

उन्होंने इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, ''दुनिया के 2 बेहतरीन टी-20 खिलाडि़यों महेंद्र सिंह धोनी और शोएब मलिक के इन आंकड़ों में देखिए गजब का संयोग।'' इनके आंकड़ों के अनुसार, धोनी और शोएब ने टी-20 इंटरनेशनल में 17-20 के बीच ओवरों में लक्ष्य का पीछा करते हुए 189 गेंदों पर 295 रन बनाए हैं। हैरानीपूर्वक इस दौरान दोनों ही खिलाडि़यों ने एकसमान 156.08 की स्ट्राइक रेट और 49.17 की शानदार औसत से रन बनाए हैं। सानिया के पापा की इस पोस्ट पर लोगों ने जमकर कमेंट किए हैं और दोनों खिलाडि़यों को महान बताया है।धोनी की बात करें तो वे इस समय यूएई में ही मौजूद हैं और टीम इंडिया के मेंटॉर की भूमिका निभा रहे हैं।

जहीर खान ने न्यूजीलैंड के साथ मुकाबले से पहले टीम इंडिया को क्यों दी चेतावनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम इंडिया को बड़ी चेतावनी दी है। टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के अपने पहले मैच में पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार मिली थी। न्यूजीलैंड के साथ रविवार को होने वाला मुकाबला भारत के लिए करो या मरो जैसा है।

जहीर खान ने कहा कि टूर्नामेंट के लिहाज से ये जरूरी है कि विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम इंडिया बहुत देर होने से पहले जीत की राह पर लौट आए। जहीर खान ने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि अगर भारत अगर अपनी क्षमता के मुताबिक खेला तो किसी भी टीम के लिए उसके खिलाफ खड़ा होना आसान नहीं होगा। किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है कि वो जल्द से जल्द जीत की लय हासिल करे, खासकर वर्ल्ड कप में। टीम इंडिया ने अपना पहला मैच गंवा दिया है और उसे देर होने से पहले ये सुनिश्चित करना चाहिए। न्यूजीलैंड के खिलाफ अगला मैच करो या मरो वाला है।' पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड को भले ही पांच विकेट से मात मिली हो लेकिन न्यूजीलैंड की टीम के जज्बे से जहीर खान प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि हां पाकिस्तान के खिलाफ रिजल्ट उसके पक्ष में नहीं रहा। लेकिन उन्होंने जिस तरह से फाइट की वो शानदार थी। उन्होंने पहली पारी में ज्यादा रन नहीं बनाए, लेकिन उन्होंने गेंदबाजी और फील्डिंग में जो प्रयास किया, वह बताता है कि उन्होंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और भारत को इससे सावधान रहना चाहिए। भारत और न्यूजीलैंड दोनों अपने पहले मुकाबले हार गए हैं। 31 अक्टूबर को होने वाले मैच में दोनों टीम पहली जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगे।

टीम भावना के साथ कार्य करके जनपद का चहुंमुखी विकास करें अधिकारीगण : सांसद

सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

भदोही। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक समिति के अध्यक्ष सांसद, रमेश चंद बिंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस अवसर पर सांसदध्समिति के अध्यक्ष ने कहा कि जिले में सभी अधिकारी टीम भावना के साथ काम कर जनपद का चहुंमुखी विकास कराएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को लाभांवित कराएं। यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी गरीब, असहाय एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से अछूता न रह जाए।सांसद ने जिले में खराब सडकों की मरम्मत कराकर दुरुस्त कराने का निर्देश संबंधित को दिया। धान खरीद के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्रों को समय से राशन उपलब्ध कराया जाए, जिनके पास कार्ड नहीं है, उन्हे भी कार्ड दिया जाए। सांसद ने राजकीय नलकूपों का संचालन करवाने और सीमावर्ती क्षेत्र में होने वाले कार्यों पर त्र्कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। कहा कि पिछले साढ़े चार साल में सडक, पुल, पुलिया के साथ तमाम कार्य करवाए गए है, जिसका लाभ जनपदवासियों को मिल रहा है। सांसद ने जल निगम समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन-जिन गांवों में पेयजल टोंटी लगी हुई है, उन गांवों का निरीक्षण करवाएं, यदि वहां पानी नहीं आ रहा है, तो उसकी आपूर्ति सुनिश्चित करवाएं। यह भी कहा कि अगर चिकित्सक ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाए जाते है तो उनके खिलाफ करवाई की जाए। बैठक में गत बैठक की अनुपालन आख्या से सदन को अवगत कराया गया। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत वर्तमान वर्ष की विभागीय परियोजना रिपोर्ट आ गयी है, वर्तमान वर्ष में लाभार्थियों को द्वितीय किश्त एवं तृतीय किश्त हेतु सूडा मुख्यालय को पीपीए के माध्यम से कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित कर दिया गया है।

शिक्षा विभाग के कार्यकमों की चर्चा में निरूशुल्क पाठ्य पुस्तकों, ड्रेस एवं जूता वितरण समय से करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के पश्चात् उ0प्रा0वि0 खुल गये है, एवं नामांकित बच्चों को मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत निरूशुल्क पौष्टिक भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार प्रदान किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मिड डे मिल योजना में मशरूम को भी शामिल किये जाने की सूचना से अवगत कराया गया।सांसद ने विभागवार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति वितरण, पेंशन योजना, प्रोवेशन विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीणध्शहरी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, गोवंश, टीकाकरण, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

एक नवंबर को प्रकाशित की जाएगी मतदाता सूची

भदोही। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षित पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित कि अपेक्षित कार्यवाहियां समय से किया जाना सुनिश्चित करें।उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त राजकीयध्सहायता प्राप्तधिन्जी सनतक एवं परासनतक शिक्षण संस्थाओं में मतदाता रजिस्ट्रेशन हेतु एक कोआर्डिनेटर एवं हेल्पडेस्क की स्थापना करायी जाये तथा प्रत्येक कक्षा में इसकी घोषण भी करा दी जाये। प्रत्येक कक्षा के लिये फार्म भरने हेतु एक तिथि व समय निर्धारित कर दिया जायेगा ताकि पात्र छात्र सुविधाजनक ढंग से फार्म भर सकें।

एक नवंबर को प्रकाशित की जाएगी मतदाता सूची

अखंड भारत संदेश

भदोही। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षित पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित कि अपेक्षित कार्यवाहियां समय से किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त राजकीयध्सहायता प्राप्तधिन्जी सनतक एवं परासनतक शिक्षण संस्थाओं में मतदाता रजिस्ट्रेशन हेतु एक कोआर्डिनेटर एवं हेल्पडेस्क की स्थापना करायी जाये तथा प्रत्येक कक्षा में इसकी घोषण भी करा दी जाये। प्रत्येक कक्षा के लिये फार्म भरने हेतु एक तिथि व समय निर्धारित कर दिया जायेगा ताकि पात्र छात्र सुविधाजनक ढंग से फार्म भर सकें। संस्थानों द्वारा नामित किये गये कोआर्डिनेटर के नाम एवं उनके टेलीफोन नम्बर आदि जिला निर्वाचन कार्यालय तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के पास उपलब्ध होने चाहिए ताकि किसी कठिनाई की दशा में वह संबंधित से सम्पर्क कर सकें। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का विशेष सहयोग लिया जाये और शैक्षणिक संस्था में एनएसएस कोआर्डिनेटर विद्यमान होने की दशा में उन्हें ही पंजीकरण कोआर्डिनेटर के रूप में नामित किया जाना उपादेय होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक कालेज के एक कक्ष को वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष के रूप में स्थापित किया जायेगा।

कल आएंगे खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी

भदोही। मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि भारत के 75वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर संपूर्ण देश में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। खेल युवा कल्याण एवं पंचायतीराज मंत्री उपेंद्र तिवारी 28 अक्टूबर को दोपहर एक बजे जनपद में आ रहे हैं। वह ज्ञानपुर शहर में स्थित स्वर्गीय शीतल पाल की प्रतिमा पर और विभूति नारायण सिंह राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण करेंगे। इसके अलावा ग्राम पंचायत लक्ष्मण पट्टी में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

खाद्य पदार्थों की मूल्य वृद्धि से बिगड़ा घरेलू बजट

अखंड भारत संदेश

भदोही। रोजमर्रा के जरूरी सामानों और किराना का सामान 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। महंगाई की मार से आम आदमी परेशान है। एक बार फिर से तेल से लेकर चीनी तक और आटा से लेकर चावल तक की कीमतों में काफी उछाल आया है। बीते 20 दिन में सरसों के तेल की कीमत 20 रुपए बढ़ गई है।

पैकेज्ड तेल की न्यूनतम कीमत 165 रुपए से बढ़कर 185 रुपए हो गई है। खुदरा आटे की कीमत में भी दो से ढाई रुपए प्रतिकिलो और ब्रांडेड आटे में 3 से 4 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। बढ़ती महंगाई के कारण घर का बजट बिगड़ गया है। रसोई का बजट प्रति महीना 1500 से 2000 रुपए बढ़ गया है। वहीं समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शिक्षक शैलेश पाण्डेय कहते है कि डीजल पेट्रोल और खाद्य पदार्थी के दामों में भारी इजाफा एक चिंता का विषय है। बजट बिगाड़ कर रख दिया है।

बिगड़ा बजट रसोई के सामान पर रुपये 2000 ज्यादा हो रहे खर्च

मध्यम वर्ग के साथ-साथ सभी लोग महंगाई की मार से त्रस्त है। पेट्रोल और डीजल के दामों में इजाफे ने सब्जी और राशन के दामों में भारी बढ़ोतरी कर दिया है, जिससे गरीबों की थाली प्रतिदिन महंगी होती जा रही है। श्री पाण्डेय ने सरकार से मांग की है कि महंगाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। बेतहाशा महंगाई से आमजन की कमर टूट गई है। बताया कि आम जनों की थाली से टमाटर और प्याज बाहर हो चुका है । टमाटर 70 से 80 किलो और प्याज 50 से 60 किलो बाजार में बिक रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि इसके साथ रिफाइंड 140 तेल 175, चीनी 44 और सिलेंडर के दाम 1000 तक बढ़ चुके है। डॉक्टर लोहिया हमेशा सरकार को आगाह करते रहते थे कि महंगाई को रोकने के लिए सरकार कड़ा कानून बनाकर व्यापारियों के घरों पर छापा डालें तभी गरीबों को सस्ता भोजन मिलेगा। लेकिन सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई आसमान छू रही है। सरकार की सुस्ती की वजह से रसोई की वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं।

दिल्ली में सिंघु बॉर्डर पर फिर बवाल, बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश के बाद पुलिस ने भीड़ पर किया हल्का बल प्रयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली में सिंघु बॉर्डर पर कई महीने से चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच बुधवार को महौल एक बार फिर गरमा गया। अचनाक कुछ लोगों ने वहां लगी बैरिकेडिंग को तोड़ने के प्रयास किया जिसके बाद उन पर काबू पाने के लिए पुलिस की ओर से हल्का बल प्रयोग भी किया गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्र ने बताया है कि सिंघु बॉर्डर के नजदीक कुछ लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस की ओर से हल्का बल प्रयोग किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। वहीं, कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसान भी वहां मौजूद है।

41 गर्भवती महिलाओं की मौत, 149 संक्रमितों ने की खुदकुशी

केरल पर टूट रहा कोरोना का कहर

नइ दिल्ली (एजेंसी)। केरल भारत का सबसे ज्यादा कोरोना प्रभावित राज्य है। पूरे देश में आज कोरोना से 585 मौतें हुईं जिसमें से अकेले 482 केरल में दर्ज की गईं। इतना ही नहीं राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बुधवार को बताया कि केरल में कोरोना से अब तक 41 गर्भवती महिलाओं की मौत हो चुकी है और इसके अलावा 149 लोग कोरोना संक्रमण के कारण आत्महत्या कर चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने यह जानकारी विधानसभा में अपने एक जवाब में दी। जॉर्ज ने कहा, ठजिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 41 गर्भवती महिलाओं ने इस बीमारी के कारण दम तोड़ दिया है। इसके अलावा, वायरल संक्रमण से प्रभावित 149 रोगियों ने आत्महत्या की है।ठ राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बुधवार को यहां कहा कि दक्षिणी राज्य में डेढ़ साल पहले वायरस के संक्रमण के बाद केरल में कोविड????-19 से अब तक 41 गर्भवती महिलाओं की मौत हो चुकी है।आईसीएमआर अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, केरल में सीरो सकारात्मकता दर 2020 में क्रमशः मई, अगस्त और दिसंबर में 0.33 प्रतिशत, 0.88 प्रतिशत और 11.6 प्रतिशत और मई 2021 में यह 44.4 प्रतिशत पहुंच गई थी। ठजब राज्य ने इस साल अगस्त-सितंबर के दौरान सीरो प्रसार अध्ययन किया तो यह बढ़कर 82.61 प्रतिशत हो गया। राज्य के अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला है राज्य में आबादी के एक बड़े हिस्से ने कोरोना का टीका लगवा लिया है और महामारी के खिलाफ प्रतिरोध शक्ति प्राप्त कर ली है। राज्य की कुल 17 प्रतिशत आबादी अब भी

भारत ने अग्नि 5 का किया सफल परीक्षण

पांच हजार किलोमीटर तक मार करने में सक्षम, जद में पूरा चीन और पाकिस्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। 5 हजार किलोमीटर तक मारक क्षमता वाले अग्नि-5 मिसाइल का बुधवार को सफल परीक्षण किया गया। जमीन से जमीन पर मार करने वाला इस बैलेस्टिक मिसाइल को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम आइलैंड से लॉन्च किया गया।

यह बेहद सटीकता के साथ वार करने वाले इस मिसाइल की जद में पूरा चीन और पाकिस्तान है। अधिकारियों ने मिसाइल के सफल परीक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि 'पहले इस्तेमाल न करने' की नीति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ इसका परीक्षण किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा में एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से देर शाम करीब 7:50 बजे परीक्षण किया गया। इसमें तीन चरण के ठोस ईंधन वाले इंजन का उपयोग हुआ है। अग्नि-5 एक भारतीय परमाणु-सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलस्टिकि मिसाइल (आईसीबीएम) है, जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है।

भारत ने इस मिसाइल का एक और परीक्षण ऐसे समय पर किया है जब, पड़ोसी देश चीन के साथ सीमा पर डेढ़ साल से अधिक समय से तनाव है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ सीमा पर सीजफायर चल रहा है, लेकिन पड़ोसी मुल्क आतंकियों को भेजकर माहौल बिगाड़ने की साजिश में जुटा है।

केंद्र सरकार का सभी मीडिया हाउस को निर्देश, 'आजादी का अमृत महोत्सव' का लोगो दिखाएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने बुधवार को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया को निर्देश दिया कि वो 'आजादी का अमृत महोत्सव' के लोगो को दिखाएं। केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया है कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर देश भर में मनाए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' कैंपेन के तहत इस लोगो को दिखाया जाए। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा, 'प्राइवेट मीडिया देशभक्ति की भावना जगाने और राष्ट्रीय उपलब्धियों को बताने में हमेशा आगे रहती हैं। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि जशन के इस मौके पर इस लोगो का इस्तेमाल किया जाए ताकि लोगों को भारत के स्वर्णिम इतिहास और बेहतर भविष्य के संकल्प के बारे में पता चल सके।' मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के साथ-साथ प्राइवेट टीवी चैनल इस लोगो को दिखाएं। इससे सभी को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत देश भर में चलाए जा रहे कार्यक्रमों को बारे में जानकारी मिलेगी। इस कैंपेन के तहत देश स्वतंत्रता की लड़ाई के बेहतरीन इतिहास का जशन मना रहा है तो वही 75 साल में देश ने सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास के सफर को तय किया है उसका जशन मनाया जा रहा है।

'आजादी का अमृत महोत्सव' इसी साल 12 मार्च से मनाया जा रहा है और यह उत्सव 15 अगस्त, 2023 को खत्म होगा। इसके तहत केंद्र/राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें और अन्य संगठनों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि विभिनन-मीडिया प्लेटफॉर्म 'आजादी का अमृत महोत्सव' का लोगो न्यूज कार्यक्रमों, रिपोर्ट, बुलेटिन के समय कर सकते हैं। इसके अलावा जब कभी आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर कोई कार्यक्रम किया जा रहा हो तब इस लोगो का जरुर इस्तेमाल किया जाए।

कोवैक्सीन को डबल्यूएचओ की मान्यता का इंतजार

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोवैक्सीन पर डबल्यूएचओ का फैसला जल्द आ सकता है. इस फैसले पर लाखों लोगों की यात्राओं के फैसले टिके हुए हैं क्योंकि विभिनन देश तभी भारतीय टीके को मान्यता देंगे, जब उसे विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलेगी.सुगाथन पी. आर. को काम पर लौटना है. नौ महीने से वह नौकरी पर नहीं गए हैं. दक्षिण भारत में एक गांव के रहने वाले सुगाथन सऊदी अरब में काम करते हैं लेकिन अब तक भारत में ही फंसे हैं क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की वैक्सीन कोवैक्सीन को मान्यता नहीं दी है. सुगाथन की ही तरह करोड़ों भारतीयों ने कोवैक्सीन का टीका लगवाया था. अब जबकि सीमाएं खुल रही हैं और लोग दूर देश की यात्राएं कर पा रहे हैं, कोवैक्सीन लगवाए ये लोग फंसे हुए हैं क्योंकि इनके टीके को बहुत से देश मान्यता नहीं दे रहे है।

हिन्दुस्तान के मामलों में दखलंदाजी न करे पाकिस्तान : ओवैसी

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमिन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुजफ्फरनगर दंगे की याद दिलाते हुए प्रदेश की राजनीति में मुस्लिमों के घटते प्रभाव को कांग्रेस, सपा, बसपा व रालोद को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि प्रदेश में सपा सरकार के समय में विधानसभा में लगभग 70 मुस्लिम विधायक होने के बावजूद दंगे के समय सभी ने चुप्पी साध ली थी। ओवैसी ने अपील की कि 2022 के विधानसभा चुनावों में मुस्लिम अपनी वोट न बंटने दें, अपना नेता और अपनी सरकार चुनें। उनके प्रतिनिधि विधानसभा में होंगे तो नाइंसाफी नहीं होने देंगे। उन्होंने पाकिस्तान को भी चेताया कि वह हिन्दुस्तान के मामलों में दखलंदाजी न करे। सरवट, बझेड़ी रोड स्थित पीठ मैदान में आयोजित शोषित वंचित समाज सम्मेलन में आए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी तथा मुजफ्फरनगर में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। मुस्लिम समाज ने सपा-बसपा को कई बार वोट देकर सत्ता में पहुंचाया है, लेकिन दोनों पाटिर्यों ने मुस्लिमों को केवल वोट माना है। मुसलमानों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों ने एनआरसी व सीएए का जो विरोध किया, अच्छी बात है। ओवैसी ने कहा कि उन्होंने खुद ससंद में इन काले कानूनों की प्रतियां फाड़ी। विरोध करना हमारा हक है। ब्रिटिश काल में भी महात्मा गांधी ने अंग्रेजों की काले कानूनों की प्रतियां फाड़कर विरोध दर्ज कराया था।

हर घर दस्तकः सबको 'बाहुंबली' बनाने के लिए अगले महीने से केंद्र सरकार की नई मुहिम

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि सरकार कोरोना संक्रमण बीमारी के खिलाफ अगले महीने से नई मुहिम की शुरुआत करने जा रही है। 'हर घर दस्तक' मुहिम के तहत स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को टीका लगाएंगे। इस दौरान दूसरे डोज से वंचित लोगों के साथ ही अब तक एक भी डोज नहीं लगवाने वालों को भी टीका दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्य तौर पर फोकस देश के उन 48 जिलों पर किया जाएगा, जहां 18 साल या इससे अधिक उम्र के 50 फीसदी से कम आबादी को कोरोना का टीका लगा है। मांडविया ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की। हाल ही में देश में 100 करोड़ कोविड टीके लगाने की सफलता हासिल की गई है। हालांकि देश के कुछ हस्सिों में टीकाकरण की गति धीमी है। इसका कारण लोगों में जागरुकता में कमी, टीके को लेकर हिचकिचाहट और भौगोलिक बाधाएं शामिल हैं। कोविड-19 टीके की पहली खुराक ले चुके 11 करोड़ से अधिक लोगों ने दो खुराकों के बीच निर्धारित अंतराल समाप्त होने के बाद भी दूसरी खुराक नहीं लगवाई है। आंकड़े बताते हैं कि 6 सप्ताह से अधिक समय से 3.92 करोड़ से अधिक लाभाथिर्यों ने दूसरी खुराक नहीं ली है। इसी तरह करीब 1.57 करोड़ लोगों ने चार से छह सप्ताह देरी से और 1.5 करोड़ से अधिक ने दो से चार सप्ताह देरी से कोविशील्ड या कोवैक्सिन की अपनी दूसरी खुराक नहीं ली है।समीक्षा बैठक के दौरान बच्चों के कोविड टीके पर भी चर्चा की गई। कोविड टीका निर्माता भारतीय कंपनी भारत बायोटेक बच्चों के लिए कोवैक्सिन टीका विकसित कर चुकी है। इसके आपात इस्तेमाल की सिफारिश विषय विशेषज्ञ समिति सिफारिश कर चुकी है। अब इसे भारतीय औषधि महानियंत्रक की मंजूरी की प्रतीक्षा है। बच्चों के लिए दूसरे टीका जायडस को वश्वि स्वास्थ्य संगठन ने आपात स्थिति में प्रयोग करने 'कोविड टीका सूची' में शामिल किया है। मांडविया ने कहा है कि दोनों टीको को मंजूरी देने की प्रक्रिया चल रही है और यह विशेषज्ञ समिति के अधिकार में है।

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

शिवपाल यादव फिर बोले- हम समाजवादी पार्टी से गठबंधन को तैयार अखिलेश यादव पहल तो करें

मुरादाबाद (एजेंसी)। हम सपा से गठबंधन को तैयार हैं। हमारी तरफ से प्रयासों में कोई कमी नहीं है। वह (अखिलेश यादव) पहल तो करें। हमारी कई दलों से गठबंधन की बात चल रही है। जल्द ही गठबंधन करके एक मोर्चा बना कर चुनाव मैदान में होंगे। यह बात प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के अध्यक्ष शिवपाल सिंह ने हिन्दुस्तान से बातचीत में कही। शिवपाल सिंह यादव यहां सामाजिक परिवर्तन रथ यात्रा लेकर पहुंचे। चौधरी चरण सिंह चौक पर चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद शिवपाल सिंह ने कहा कि वह तो सत्ता परिवर्तन को यूपी की यात्रा पर निकल पड़े हैं। लोगों के अपार समर्थन का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि हमने चालीस साल नेता जी (मुलायम सिंह) के साथ काम किया है।

भारत माता की जय बोलने वाले का देश में हमेशा हुआ सम्मान : सीएम योगी

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सरकार पर एक बार फिर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हमला करने वाले आतंकवादियों और दंगाइयों के ऊपर से मुकदमा वापस लेने वाली सरकार दलितों पर झूठे केस दर्ज कर फंसाती थी। ऐसे लोग दलित समाज के कभी हितैषी नहीं हो सकते है। भाजपा सरकार में आज दलित समाज का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता। बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाएं समाज के हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को पंचायत राज निदेशालय के सभागार में भाजपा के सोनकर समाज के प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश में हमेशा भारत माता की जय बोलने वाले का ही सम्मान हुआ है। पाकिस्तान की वकालत करने वालों को तिरस्कार ही झेलना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने कभी पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। बाबा साहब के ही समकालीन जोगेंद्रनाथ मंडल ने पाकिस्तान की हिमायत की और निर्वासित जीवन जीना पड़ा। उन्हें आज कोई नहीं जानता। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा, बसपा, कांग्रेस के साथ ही आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनावी हिंदू हो गए हैं। राम का विरोध करने वालों में अब तिलक लगाकर मंदिर जाने की होड़ मच रही है। मौर्य बुधवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के पाल-बघेल समाज और एससी मोर्चा के सोनकर समाज के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों ने समाज में परिवारवाद, जातिवाद, वंशवाद का जहर घोलने का काम किया है।

केंद्र और प्रदेश की सरकारें गरीबों, दलितों, पिछड़ों के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि कुछ विघटनकारी शक्तियां देश-प्रदेश को बांटने का षडयंत्र रच रही है। इनसे सावधान रहने की जरूरत है। विरोधी दल गठबंधन के सारे प्रयोग करके देख चुके है। मगर प्रदेश की जनता ने उन्हें नकार दिया। पिछली सरकार में एक जाति-एक संप्रदाय का जो माहौल बना था, अब उसकी पुनरावृत्ति प्रदेश की जनता नहीं होने देगी।

नेपाल में अब न्यायिक संकट, चीफ जस्टिस के विरोध में वकीलों का बहिष्कार, कामकाज ठप

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल में राजनीतिक संकट के बाद अब न्यायिक संकट खड़ा हो गया है। दरअसल, अपने रिश्तेदार को प्रधानमंत्री के कैबिनेट मे जगह दिलवाने के आरोपों से घिरे चीफ जस्टिस चोलेंद्र शमशेर राणा ने अब अपना पद छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का एक गुट चीफ जस्टिस का इस्तीफा मांग रहे है तो वहीं कुछ वकीलों ने शीर्ष न्यायालय का बहिष्कार कर दिया है। शीर्ष न्यायालय के 15 जजों के साथ मंगलवार को हुई बैठक के दौरान चीफ जस्टिस राणा ने का कि वह सिर्फ इसलिए इस्तीफा नहीं दे सकते क्यों कि सड़कों पर लोग उनके खिलाफ है और मीडिया में उनके पद छोड़ने की मांग की जा रही है। राण ने यह भी कहा कि वह संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करेंगे लेकिन पद नहीं छोड़ेंगे। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। राणा ने जजों से कहा, 'मैं किसी दबाव में पद नहीं छोड़ूंगा लेकिन जरूरत पड़ी तो कानूनी प्रक्रिया का पालन करूंगा।' वकीलों के एक धड़े ने शीर्ष न्यायालय का बहिष्कार कर दिया है तो वहीं जज बैठकें कर रहे है, जिसकी वजह से नेपला के सुप्रीम कोर्ट में कामकाज पूरी तरह ठप पड़ गया है। नेपाल बार एसोसिएशन ने धमकी दी है कि अगर राणा खुद पद नहीं छोड़ते तो राष्ट्रीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। नेपाल के संविधान के मुताबिक, चीफ जस्टिस पर महाभियोग चलाने के लिए 25 प्रतिशत सांसदों को प्रस्ताव लाना पड़ेगा। वहीं, इस प्रस्ताव पर संसद के दो तिहाई बहुमत की भी जरूरत होगी। प्रधान न्यायाधीश राणा पर पूर्ववर्ती केपी ओली सरकार के विरोध में संसद की बहाली का फैसला देने के बदले नई देउवा सरकार में अपने रिश्तेदार के लिए मंत्रीपद की सौदेबाजी का आरोप है। हालांकि, राणा ने खुद पर लगे आरोपों को खारिज किया है।

6 महीने में अमेरिका पर हमला कर सकता है इस्लामिक स्टेट, पेंटागन ने चेताया

वॉशिंगटन (एजेंसी)। पेंटागन के एक सीनियर अधिकारी ने बताया है कि अमेरिकी खुफिया समुदाय को अंदेशा है कि इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन अगले छह महीने में अमेरिका पर हमला कर सकता है। रक्षा अवर सचिव कॉलिन काहल ने कहा है कि अमेरिका भले ही अगस्त में दो दशक के युद्ध को खत्म कर चुका हो लेकिन अमेरिका के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। अल कायदा को लेकर कहल ने कहा है कि अमेरिका पर हमला करने में अल कायदा को एक से दो साल लग सकते हैं। बता दें कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट ने तालिबान की सत्ता की चुनौती दी है। काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद से इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन अफगानिस्तान में कई आतंकी हमले कर चुकी हैं। इन हमलों में सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल हुए हैं।

टीएलपी ने किया इमरान खान की नाक में दम, पंजाब में 2 महीनों के लिए रेंजर्स को बुलाया गया विदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान ने इमरान सरकार की नाक में दम कर दिया है। आंतरिक मामलों के मंत्री शेख रशीद अहमद ने बुधवार को बताया कि पंजाब में 60 दिनों के लिए रेंजर्स को बुलाया गया है। तहरीक-ए-लब्बैक के पाकिस्तान के प्रदर्शन के दौरान बढ़ती हिंसा को देखते हुए यहां रेंजर्स को बुलाया गया है। इस्लामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शेख रशीद अहमद ने कहा कि इस संबंध में एक संक्षेप विवरण संघीय सरकार के पास अप्रूवल के लिए भेजा है। पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि वो अब भी प्रदर्शनकारियों से आग्रह करते है कि वो अपना प्रदर्शन खत्म करें।

बुधवार को पंजाब के गुजरानवाला जिले में कानून अधिकारियों और टीएलपी सपोटर्स के बीच हिंसा हुई। इस ताजा हिंसा में कम से कम 4 पुलिसकमिर्यों की मौत हो गई और करीब 250 पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिसके बाद शेख रशीद अहमद ने इस बात का ऐलान किया। आंतरिक मामलों के मंत्री के इस प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले पड़ोसी मुल्क के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने कहा कि टीएलपी को राज्य में गड़बड़ी फैलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी और उन्हें आतंकवादी ग्रुप की तरह ट्रीट किया जाएगा। फवाद चौधरी के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद शेख रशीद ने कहा कि इस ग्रुप का दूसरा एजेंडा है, इसलिए मैं पंजाब सरकार को इस बात की इजाजत देता हूं कि वो रेंजर्स को बुलाएं। उन्होंने कहा कि उन्होंने मंगलवार की सुबह करीब 3.30 बजे इस प्रतिबंधित संगठन से बातचीत की थी। मैंने उनसे कहा था कि फ्रांस के राजदूत पाकिस्तान में हैं भी नहीं,,, मैंने उनसे कहा कि वो देखें कि देश में क्या हालात हैं। लेकिन यह बताता है कि उनका एजेंडा अलग है। मंत्री ने बताया कि इस संगठन ने वादा किया था कि वो उन सड़कों को फिर से खाली कर देगा जहां उसने जाम लगा रखा है।